दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 5 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-314 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पहले एकदिवसीय क्रिकेट मैचों ने और फिर टी-20 क्रिकेट मैचों ने पांच दिवसीय क्रिकेट मैचों की फीकी कर रखी है। अब रही सही कसर ऐसी बेढब पिचों ने पूरी कर दी है जहां पांच दिवसीय क्रिकेट मैच मात्र ढाई-तीन दिनों में ही खत्म हो जाता है। भारत और आस्ट्रेलिया जैसी दुनिया की दो मजबूत टीमों के बीच जो तीन टेस्ट मैच खेले गए तीनों ही तीन दिनों में निपट गए। इससे दर्शक खुद को ढगा हुआ महसूस करने लगे है। बेहतर होगा कि पांच दिवसीय टेस्ट मैचों को अब तीन दिवसीय टेस्ट मैच घोषित कर दिया जाएं।

राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में गरमा-गरम चर्चा, पक्ष-विपक्ष में तीखी नोंकझोक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र चौथे दिन शनिवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। इस दौरान दिन भर सदन में गरमा-गरम चर्चा हुई। सत्ता व विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोक भी देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि झूठ के बुनियाद पर ये सरकार खड़ी है। छत्तीसगढ़ का हर वर्ग सरकार से नाराज है। ये सरकार कहती कुछ है करती कुछ और है। प्रशासन का राजनीतिकरण हो गया है। राजनीति का अपराधीकरण हो गया है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार बनी है लोकतंत्र की हत्या हो रही है। आज किसान के बेटे से प्रदेश के सभी किसान दुखी हैं। किसान का जितना अपमान इस सरकार में हुआ पहले कभी नहीं हुआ। किसानों को सहकारी बैंक से पैसा

निकालने में कई दिन लग जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने यह भी कहा कि गिरदावरी में किसानों का पूरा खेत गायब हो रहा है। इस पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने नेता प्रतिपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चंद्राकर के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के भाषण पर तंज कसते हुए कहा,आज बिना बहके सही दृष्टि से बात रखे हैं। लेकिन केवल रागी का समर्थन मूल्य केंद्र सरकार दे रही है, जबकि कोदो कुटकी के समर्थन मूल्य की मांग हमने केंद्र सरकार से की है।

प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल

इसके पहले बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा, 17 दिसंबर के बाद गोबर के सच्चाई की जांच कराएंगे,और जो भी आरोपी होगा उन्हें जेल भेजा जाएगा। अजय चंद्राकर ने सदन में मंत्रियों की गैर मौजूदगी को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा, सुराजी गांव योजना, ये योजना क्या काम करती है, क्या मापदंड है ये बताए कांग्रेस। नरवा गरवा घूरवा बाड़ी योजना के लिए बड़ी बातें हुई, पर इसमें काम क्या हुआ।

कवर्धा की घटना को लेकर सरकार को घेरा

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कवर्धा की घटना पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सदन में मौजूद गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू इसके जवाब में कहा कि कवर्धा में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब नहीं है। स्थिति कंट्रोल करने एसपी और पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। अभी तनाव जैसी कोई बात नहीं है। वहां एक पक्ष राजनीतिक और एक पक्ष सामाजिक है। इसलिए विवाद की स्थिति बनी, पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

सूर्यकांत की मां-भाई को जमानत नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय के स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत ने मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में कथित लेवी के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी की मां और भाई को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया. वहीं, अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई गई थी. इसे स्पेशल जज ने खारिज कर दिया. ईडी ने दूसरे चालान में दोनों को आरोपी बनाया था. इसके अलावा ईडी की ओर से आईएएस विश्नोई से पूछताछ और जांच के संबंध में रिमांड की मांग की गई थी.

इस आज फर्स्ट हाफ में बहस हुई. शाम को स्पेशल जज ने फैसला 6 मार्च के लिए सुरक्षित रखने की जानकारी दी. मनी लांड्रिंग के मामले में जेल में बंद आईएएस समीर विश्नोई की पुलिस रिमांड की मांग पर 6 मार्च के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है. जेल में बंद सभी आरोपियों की न्यायिक रिमांड एक अप्रैल तक बढ़ा दी गई है.

मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में कथित लेवी के मामले में शनिवार को स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की अदालत में सुनवाई हुई. आज सूर्यकांत तिवारी की मां कैलाश तिवारी और भाई रजनीकांत तिवारी की ओर से जमानत के लिए याचिका लगाई गई थी, जिसे ... आईएएस विश्नोई, सूर्यकांत, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, सौम्या चौरसिया आदि की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई जिसके बाद स्पेशल कोर्ट ने सबकी न्यायिक रिमांड एक अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है. इधर, जेल में बंद आरोपी राजेश चौधरी की ओर से जमानत के लिए आवेदन किया गया है, जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी.

सात समंदर पार सवाल... देश में सियासी बवाल

नई दिल्ली। भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ बोलने को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राहुल ने देश के हालात को लेकर ऐसे आरोप लगाए हैं, जैसे (आरोप) पाकिस्तान भी लगाने की हिम्मत नहीं करता। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जहां पूरी दुनिया भारत के बारे में अच्छे शब्दों का उपयोग कर रही है, वहीं देश के मुख्य विपक्षी नेता विदेश में पर दावा कर रहे हैं कि देश बर्बाद हो गया है और कोई लोकतंत्र नहीं है, जबकि न्यायपालिका और मीडिया का बुरा हाल है। उन्होंने गांधी पर ऐसे समय में निवेशकों को भारत में निवेश करने से हतोत्साहित करने का आरोप लगाया जब दुनिया देश को एक 'आकर्षक स्थान' के रूप में देख रही है और विदेशी कंपनियां यहां व्यापार करने के लिए चीन छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, एक बड़े विश्वविद्यालय में, वह लोगों से भारत के बारे में खराब बातें कह रहे हैं। जबकि पाकिस्तान भी अब वैश्विक मंच पर भारत के बारे में ये बातें कहने की हिम्मत नहीं करता।

किसी भी हद तक गिर सकते हैं

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने भारतीय लोकतंत्र पर कथित हमले के पांच प्रमुख पहलुओं को सूचीबद्ध किया - मीडिया और न्यायपालिका पर कब्जा और नियंत्रण; निगरानी और धमकाना; संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जबरदस्ती; अल्पसंख्यकों, दलितों और आदिवासियों पर हमले और असहमति की आवाज बंद करना। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता ने अल्पसंख्यकों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में व्यवहार किए जाने की बात की और आरोप लगाया कि "राहुल गांधी और गांधी परिवार भारत के ताने-बाने को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पात्रा ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि सिर्फ इसलिए कि आप एक होनहार बच्चे नहीं हैं और अपनी वंशवादी पार्टी के होनहार बच्चे नहीं हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि भारत एक आकर्षक स्थान नहीं है।

मोदी से मिले बिल गेट्स
कहा भारत की प्रगति से उत्साह बढ़ा है

नयी दिल्ली (वार्ता)। अरबपति अमेरिकी उद्यमी और परोपकारी बिल गेट्स ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और कहा कि वह स्वास्थ्य, विकास और जलवायु परिवर्तन के शमन-दमन जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति से पहले से अधिक उत्साहित हैं। गेट्स ने कोविड महामारी से निपटने में भारत की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा है कि वह मोदी की बात से सहमत है कि वैक्सिनेशन के लिए कोविन एप पूरे विश्व के लिए उपयोगी है। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद श्री गेट्स ने ट्वीट कर के भारत की अपनी यात्रा पर अपने 'उद्गार' साझा करते हुए लिखा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मेरी बातचीत ने स्वास्थ्य, विकास और जलवायु के क्षेत्र में भारत द्वारा की जाने वाली प्रगति के बारे में पहले से अधिक आशावान बना दिया है। भारत यह दर्शा रहा है कि जब हम नवाचार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

//-- सुविचार --//

विपत्ति हीरे की धुल है, जिससे परामात्मा अपने रत्नों को चमकाता है।

जनसंख्या

विश्व : 8,019,837,199

भारत : 1,416,989,819

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 51,950 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	37.5	19.6
बिलासपुर	37.0	17.5
जगदलपुर	35.2	17.3
अंबिकापुर	32.0	15.0

आज का दिवस

इतिहासः नासिर खुसरो ने 5 मार्च 1046 में अपने 6 साल लंबे मध्यपूर्व सफ़र का आरंभ किया जिसके उपरांत उन्होंने आज भी फ़ारसी भाषा की श्रेष्ठतम कृतियों में गिनी जाने वाली 'सफ़रनामा' लिखी। महाराजा जय सिंह ने आज ही के दिन 1699 में अंबर का सिंहासन संभाला। ऑस्ट्रिया के सैनिकों ने 5 मार्च 1793 में फ्रांस को हरा कर उसके साम्राज्य पर फिर से कब्जा किया। इतालवी वैज्ञानिक अलेस्सांद्रो वोल्टा का निधन 5 मार्च 1827 में हुआ था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की आज ही के दिन 1851 में स्थापना। निकोला टेस्ला ने 5 मार्च 1904 में बॉल तड़ित की व्याख्या की। भगत सिंह की क्रांतिकारी गतिविधियों में सहयोग करने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुशीला दीदी का जन्म 5 मार्च 1905 में पंजाब में हुआ था। 'भारतीय शास्त्रीय संगीत' की प्रसिद्ध गायिका गंगूबाई हंगल का जन्म 5 मार्च 1913 में हुआ था।

नारी शक्ति के बिना जल शक्ति की सफलता संभव नहीं : मुर्मू

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश में स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छ पेयजल जैसी जनमानस से जुड़ी देशव्यापी योजनाओं की सफलता में देश की महिला शक्ति की भूमिका अहम है इसलिए नारी शक्ति के बिना जलशक्ति की सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। श्रीमती मुर्मू ने आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित

जल शक्ति मंत्रालय के 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान जल शक्ति अभियान-कैच द रेन' कार्यक्रम में देश में जल अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का आधार नारी शक्ति है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना इस कार्यक्रम की सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जल संकट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'आप' का मिशन छत्तीसगढ़! आज चुनावी अभियान का आगाज करेंगे केजरीवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। यहां कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन इस बीच अब आम आदमी पार्टी की एंट्री हो गई है। आज यानी 5 मार्च रविवार को आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में अपने चुनावी अभियान का आगाज करेगी। इसमें आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आएंगे। इसके अलावा केजरीवाल

के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी रायपुर पहुंच रहे। राजधानी रायपुर के जोरा ग्राउंड में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को दिल्ली के सीएम व आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। इस विशाल जनसभा को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी संबोधित करेंगे। इस दौरान दिल्ली आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री गोपाल राय, छग प्रभारी व विधायक संजीव झा समेत अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। बता दें कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी देश में लगातार अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ रही है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की एकतरफा जीत ने पार्टी ने अब आने वाले विधानसभा चुनावों में हाथ आजमाना चाहती है। इस साल 9 राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस छत्तीसगढ़ पर है। क्योंकि राज्य में आम आदमी पार्टी के संगठन को विस्तार किया जा रहा है। प्रदेशभर संजीव झा ने सभी जिला में जिला प्रभारी और जिला सचिव, लोकसभा प्रभारी और लोकसभा सचिव की घोषणा कर दी गई है।

म्यांमार में बस पलटने से पांच लोगों की मौत , 30 घायल

यांगून (वार्ता)। म्यांमार में यांगून-मांडले राजमार्ग पर शनिवार को यात्री बस के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। बचाव दल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उस समय हुई जब बस का चालक राजमार्ग पर माइलपोस्ट 167 के पास नियंत्रण खो दिया। टौंगू आपातकालीन बचाव (टीईआरटी)के अध्यक्ष यू मिन थू ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

झंडा विवाद में 60 से ज्यादा लोगों की हुई गिरफ्तारी

कवर्धा/नवप्रदेश। सतरंगी झंडे के मामले को लेकर कबीरधाम जिले के नजदीकी ग्राम हरमो मेंआदिवासी समाज के दो पक्षों के बीच जमकर बवाल हुआ बीज बचाओ में पहुंची पुलिस पर भी प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी करते हुए लाठिया भी चलाई जिसमें एसपी, एएसपी सहित 30 से ज्यादा पुलिस के जवान घायल हो गए। घायल पुलिस जवानों का उपचार कराया जा रहा है। बड़ी मुश्किलों से स्थिति को कंट्रोल में लिया गया।

पुलिस ने बिगड़ती हुई स्थिति को देखकर हल्के बल का प्रयोग भी किया इसके साथ ही आंसू गैस भी छोड़े गए हैं बिगड़ती हुई स्थिति को देखकर बेमेतरा से भी पुलिस बल बुलाया गया था। यह भी बताया जा रहा है कि उक्त प्रदर्शनकारियों में बाहर के लोग भी शामिल हुए थे व आसपास के लोग भी थे मामले की पूरी जांच करते हुए लगभग 60 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में जांच अभी भी जारी है हो सकता है कि गिरफ्तारी में संख्या और भी बढ़ सकती है। कबीरधाम जिले में झंडा विवाद का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी झंडा विवाद का मामला हो चुका है जिसमें स्थिति को सामान्य करने धारा 144 भी लगाया गया था। वही हम हरमों की बात करें तो अब स्थिति काफी शांत है और पुलिस बल अभी भी घटना स्थल पर तैनात है। घटना के दिन पूरा हर्मो पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका था। बता दें कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला अध्यक्ष जे. लिंगो के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सभी जिलों में सीएम के बजट भाषण का प्रसारण करेगी कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। 6 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मुख्यमंत्री के बजट भाषण को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय में एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण कर कार्यकर्ताओं सहित आमजनता को दिखाये जाने का निर्णय लिया है। पीसीसी चीफ ने सभी प्रदेश पदाधिकारियो, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, पदाधिकारियों, मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के जिला, ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षिति सदस्यों, नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजन कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे 6 मार्च को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बजट भाषण को बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण कर हर्षोल्लास के साथ बजट का स्वागत करते हुए खुशियां मनायें।

गरमा-गरम

विडंबना ▶ फेक न्यूज जिस तरह से फैलती है, उसके चलते सच्चाई विक्टिम बन गई

फेक न्यूज पर सीजेआई ने जताई चिंता, कहा- झूठी खबरों का शिकार हो गया सच

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम ऐसे दौर में रह रहे हैं जहां लोगों में सब्र और सहिष्णुता कम है। सोशल मीडिया के दौर में अगर कोई आपकी सोच से सहमत नहीं है तो वह आपको ट्रोल करना शुरू कर देता है। उन्होंने कहा, 'सोशल मीडिया पर फेक न्यूज जिस रफ्तार से फैलती है, उसके चलते सच्चाई विक्टिम बन गई है। एक झूठी बात बीज की तरह जमीन में बोई जाती है और यह बड़ी थ्योरी में बदल जाती है, जिसे तर्क के आधार पर तौला नहीं जा सकता है। इसलिए कानून को भरोसे की ग्लोबल करेंसी कहते हैं।' सीजेआई ने यह बातें अमेरिकन बार एसोसिएशन इंडिया कॉन्फ्रेंस 2023 के लॉ इन द ऐज ऑफ ग्लोकलाइजेशन कंवर्जेंस ऑफ इंडिया एंड द वेस्ट सेमिनार में कहीं।

उन्होंने कहा कि संविधान जब बनाया गया तो यह ऐसा बड़े परिवर्तन लाने वाला डॉक्यूमेंट था, जिसमें दुनियाभर की सबसे बेहतर प्रैक्टिसेस को शामिल किया गया था। भारतीय संविधान के चीफ आर्किटेक्ट डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि संविधान में सिर्फ दुनिया से प्रेरणा नहीं ली गई है, बल्कि यह देश के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह एक बेहद अनोखा भारतीय प्रोडक्ट है जो ग्लोबल भी है। लेकिन, अब हमारी रोजाना की जिंदगी दुनिया में होने वाली चीजों से प्रभावित होती है।

ग्लोबलाइजेशन से अब लोग नाखुश होने लगे हैं

उन्होंने कहा कि ट्रैवल और टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ मानवता का विस्तार हुआ है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर कोई क्या सोचता है, उसे लेकर लोगों में सहमति की भावना खत्म होने के साथ मानवता का पतन भी हुआ है। यही हमारे समय का चैलेंज है। इसमें से ज्यातादर तो टेक्नोलॉजी का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि ग्लोबलाइजेशन से अब लोग नाखुश होने लगे हैं। दुनियाभर के लोग जिस भावनात्मक उथलपुथल से गुजर रहे हैं, उसके चलते एंटी-ग्लोबलाइजेशन सेंटीमेंट में बढ़ोतरी हुई है। 2001 का आंतकी हमला इसका उदाहरण है। कोविड-19 के दौरान भी दुनिया ग्लोबल मेल्टडाउन से गुजरी, लेकिन यह एक मौके के तौर पर उभरा।

जज होकर हम ट्रोलिंग से नहीं बच पाते हैं

उन्होंने कहा कि कई मायनों में भारतीय संविधान ग्लोबलाइजेशन का सबसे बड़ा उदाहरण है, वह भी उस समय का जब हम ग्लोबलाइजेशन के दौर में आए नहीं थे। जब संविधान का ड्राफ्ट तैयार किया गया था, तो इसे बनाने वालों को ये अंदाजा नहीं था कि दुनिया में किस तरह से बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि उस वक्त हमारे पास इंटरनेट नहीं था। हम ऐसे दौर में थे जो एल्गोरिदम से नहीं चलता था। सोशल मीडिया तो बिल्कुल नहीं था। आज हर छोटी चीज के लिए आपको यह डर रहता है कि सोशल मीडिया पर लोग आपको ट्रोल करेंगे। और यकीन मानिए जज होकर हम इस ट्रोलिंग से बच नहीं पाते हैं।

रंगों से भरी इस दुनिया में, रंग रंगीला त्यौहार होली

होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय और नेपाली लोगों का त्यौहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत तथा नेपाल में मनाया जाता है। यह त्यौहार कई अन्य देशों जिनमें अल्पसंख्यक हिन्दू लोग रहते हैं वहाँ भी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। पहले दिन को होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते हैं। दूसरे दिन, जिसे प्रमुखतः धुलेंडी व धुरड्डी, धुरखेल या धूलिवंदन इसके अन्य नाम हैं, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं, ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को रंग लगाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कटुता को भूल कर गले मिलते हैं और फिर से दोस्त बन जाते हैं। एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर के विश्राम करने के बाद नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं, गले मिलते हैं और मिठाइयाँ खिलाते हैं। राग-रंग का यह लोकप्रिय पर्व वसंत का संदेशवाहक भी है। राग अर्थात संगीत और रंग तो इसके प्रमुख अंग हैं ही पर इनको उत्कर्ष तक पहुँचाने वाली प्रकृति भी इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण इसे फाल्गुनी भी कहते हैं। होली का त्यौहार वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है। उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। खेतों में गेहूँ की बालियाँ इठलाने लगती हैं। बच्चे-बूढ़े सभी व्यक्ति सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। चारों तरफ़ रंगों की फुहार फूट पड़ती है। गुझिया होली का प्रमुख पकवान है जो कि मावा (खोया) और मैदा से बनती है और मेवाओं से युक्त होती है इस दिन कांजी के बड़े खाने व खिलाने का भी रिवाज है। नए कपड़े पहन कर होली की शाम को लोग एक दूसरे के घर होली मिलने जाते है जहाँ उनका स्वागत गुझिया,नमकीन व ठंडाई से किया जाता है। होली के दिन आम्र मंजरी तथा चंदन को मिलाकर खाने का बड़ा माहात्म्य है।

होली से जुड़ी कहानी

हर त्यौहार की अपनी एक कहानी होती है, जो धार्मिक मान्यताओ पर आधारित होती है. होली के पीछे भी एक कहानी है. एक हिरन्याक्श्यप नाम का राजा था, जो खुद को सबसे अधिक बलवान समझता था, इसलिए वह देवताओं से घृणा करता था और उसे देवताओं के भगवान विष्णु का नाम सुनना भी पसंद नहीं था, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था. यह बात हिरन्याक्श्यप को बिलकुल पसंद नहीं थी, वह कई तरह से अपने पुत्र को डराता था और भगवान विष्णु की उपासना करने से रोकता था, पर प्रह्लाद एक नहीं सुनता, उसे अपने भगवान की भक्ति में लीन रहता था. इस सबसे परेशान होकर एक दिन हिरन्याक्श्यप ने एक योजना बनाई। जिसके अनुसार उसने अपनी बहन होलिका (होलिका को वरदान प्राप्त था, कि आग पर उसे विजय प्राप्त है, उसे अग्नी जला नहीं सकती) को अग्नी की वेदी पर प्रहलाद को लेकर बैठने को कहा. प्रहलाद अपनी बुआ के साथ वेदी पर बैठ गया और अपने भगवान की भक्ति में लीन हो गया. तभी अचानक होलिका जलने लगी और आकाशवाणी हुई, जिसके अनुसार होलिका को याद दिलाया गया, कि अगर वह अपने वरदान का दुरूपयोग करेगी, तब वह खुद जल कर राख हो जाएगी और ऐसा ही हुआ. प्रहलाद का अग्नी कुछ नहीं बिगाड़ पाई और होलिका जल कर भस्म हो गई. इसी तरह प्रजा ने हर्षोल्लास से उस दिन खुशियाँ मनाई और आज तक उस दिन को होलिका दहन के नाम से मनाया जाता है और अगले दिन रंगो से इस दिन को मनाया करते है।

कैसे मनाते हैं होली

होली का त्यौहार पुरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन उत्तर भारत में इसे अधिक उत्साह से मनाया जाता है. होली का त्यौहार देखने के लिए लोग ब्रज, वृन्दावन, गोकुल जैसे स्थानों पर जाते है. इन जगहों पर यह त्यौहार कई दिनों तक मनाया जाता हैं। ब्रज में ऐसी प्रथा है, जिसमे पुरुष महिलाओं पर रंग डालते है और महिलाए उन्हें डंडे से मारती है, यह एक बहुत ही प्रसिद्ध प्रथा है, जिसे देखने लोग उत्तर भारत जाते है. कई स्थानों पर फूलों की होली भी मनाई जाती है और गाने बजाने के साथ सभी एक दुसरे से मिलते है और खुशियाँ मनाया करते है। रंगो के इस त्यौहार को फाल्गुन महोत्सव भी कहा जाता है, इसमें पुराने गीतों को ब्रज की भाषा में गाया जाता. भांग का पान भी होली का एक विशेष भाग है।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा का यह त्योहार होली

होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं। होली मनाने के एक रात पहले होली को जलाया जाता है। इसके पीछे एक लोकप्रिय पौराणिक कथा है। इस दिन लोग प्रातःकाल उठकर रंगों को लेकर अपने नाते-रिश्तेदारों व मित्रों के घर जाते हैं और उनके साथ जमकर होली खेलते हैं। बच्चों के लिए तो यह त्योहार विशेष महत्व रखता है। वह एक दिन पहले से ही बाजार से अपने लिए तरह-तरह की पिचकारियां व गुब्बारे लाते हैं। बच्चे गुब्बारों व पिचकारी से अपने मित्रों के साथ होली का आनंद उठाते हैं। सभी लोग बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते हैं। घरों में औरतें एक दिन पहले से ही मिठाई, गुझिया आदि बनाती हैं व अपने पास-पड़ोस में आपस में बांटती हैं। कई लोग होली की टोली बनाकर निकलते हैं उन्हें हुरियारे कहते हैं। आजकल अच्छी क्वॉलिटी के रंगों का प्रयोग नहीं होता और त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रंग खेले जाते हैं। यह सरासर गलत है। इस मनभावन त्योहार पर रासायनिक लेप व नशे आदि से दूर रहना चाहिए। बच्चों को भी सावधानी रखनी चाहिए। बच्चों को बड़ों की निगरानी में ही होली खेलना चाहिए। दूर से गुब्बारे फेंकने से आंखों में घाव भी हो सकता है। रंगों को भी आंखों और अन्य अंदरूनी अंगों में जाने से रोकना चाहिए। यह मस्ती भरा पर्व मिलजुल कर मनाना चाहिए।

आज का पंचांग (रविवार 5 मार्च)

सूर्योदय: 06:45, सूर्यास्त: 06:18
चन्द्रोदय: 15:25, चन्द्रास्त: 29:39

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत: 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत: 2079 (नल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : शोभन (19:37 से अतिगण्ड), प्रथम करण : बालव (11:43 तक), द्वितीय करण : कौलव (24:56 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद : कर्क, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:06 से 12:52, अमृत काल 11:30 से 13:18, रवियोग 18:41 से 30:37, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:11, गोधूलि मुहूर्त 18:15 से 18:40, सायाह्न सन्ध्या 18:17 से 19:32, निशिता मुहूर्त 24:04 से 24:53, राहुकाल 16:30 से 18:00, राहुवास पूर्व, यमगण्ड 13:56 से 15:23, होमाहुति शनि (18:41 तक), दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पृथ्वी (11:43 तक), चन्द्रवास उत्तर, शिववास कैलाश पर (11:43 से नन्दी पर)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - काल 2 - शुभ, 3 - रोग 4 - उद्वेग, 5 - चर 6 - लाभ, 7 - अमृत 8 - काल

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - लाभ 2 - उद्वेग 3 - शुभ 4 - अमृत 5 - चर 6 - रोग 7 - काल 8 - लाभ

नोट: दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा : उत्तर-पश्चिम (वायविडिंग अथवा तिल मिश्रित चावल का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष : व्यवसाय आरम्भ मुहूर्त प्रातः 08:31 से 09:55 तक, वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त दोपहर 12:41 से 01:02 तक आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम आश्लेषा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (डी, डू, डे, डा) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:48 से 07:14 मीन - 07:14 से 08:37, मेष - 08:37 से 10:11, वृषभ - 10:11 से 12:06, मिथुन - 12:06 से 14:21, कर्क - 14:21 से 16:42, सिंह - 16:42 से 19:01, कन्या - 19:01 से 21:19, तुला - 21:19 से 23:40, वृश्चिक - 23:40 से 25:59, धनु - 25:59 से 28:03, मकर - 28:03 से 29:44

पञ्चक रहित मुहूर्त

अग्नि पञ्चक - 06:40 से 07:14, शुभ मुहूर्त - 07:14 से 08:37, मृत्यु पञ्चक - 08:37 से 10:11, अग्नि पञ्चक - 10:11 से 11:43, शुभ मुहूर्त - 11:43 से 12:06, रज पञ्चक - 12:06 से 14:21, शुभ मुहूर्त - 14:21 से 16:42, चोर पञ्चक - 16:42 से 18:41, शुभ मुहूर्त - 18:41 से 19:01, रोग पञ्चक - 19:01 से 21:19, शुभ मुहूर्त - 21:19 से 23:40, मृत्यु पञ्चक - 23:40 से 25:59, अग्नि पञ्चक - 25:59 से 28:03, शुभ मुहूर्त - 28:03 से 29:44, रज पञ्चक - 29:44 से 30:39

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपका उद्दंड व्यवहार हस्ते हुए इंसान को रुला देगा। स्वभाव में कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा ही ।

वृष : आज के दिन शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी।

मिथुन : आज के दिन व्यर्थ के कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे।

कर्क : आज के दिन अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है।

सिंह : आज भी परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे।

कन्या: आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे उसे छोड़ कोई अन्य काम लाभ दिलाएगा।

तुला : आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगे।

वृश्चिक : आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। दैनिक कार्यो से समय निकाल पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे।

धनु : आज के दिन भी आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभिक और अंतिम भाग को छोड़ शेष में मानसिक उलझने लगी रहेंगी।

मकर : आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी। व्यवसायी वर्ग आज प्रातः काल से ही धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे जोर जबरदस्ती से बचें अन्यथा नई समस्या बन सकती है।

कुंभ : आज का दिन आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी।

मीन : आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अहम असि को तृप्त

अहम असि को तृप्त करने, चल पड़ा ज्यों रक्त का कण, हाय प्रिय के अश्रु का कण दुर्भाग्य का है सूद भरता, इक वियोगी पीर का पण हाय प्रिय के अश्रु का कण बुद्ध होकर जीत लेता, जो समूचे विश्व का रण, हाय प्रिय के अश्रु का कण जैसे कि शिव हों शांत करते, जगदम्बिके के क्रोध का क्षण। हाय प्रिय के अश्रु का कण

– वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव

बीजेपी में आज भी

बीजेपी में आज भी कुछ नेता ऐसे हैं जो धरना प्रदर्शन में सफेद कड़क कुर्ता पजामा पहन कर दो बड़े नेताओं को पकड़ कर फोटो खिंचाते हैं सोशल मीडिया पर अपलोड करते है और जमीन से गायब हो जाते हैं इनसे अभी शहर की,इनके वार्ड की और जिले की भौगोलिक स्थिति पूछ लो तो इनके हाल खराब हो जाए,लेकिन इनकी भी नेतागिरी जबर है। **– हितेश शर्मा**

खास पाती | तुम हाथ छुपाये रंग पिया

तुम हाथ छुपाये रंग पिया सब खबर मुझे है ये चंचल नैन सधे क्यों हैं सब खबर मुझे है हाथ बटाने को आतुर हो भोर उगे से कारज मेरे रंग ढंग यह बदला बदला खोल रहा है राज घनेरे ऊपर से हो मौन मगर भीतर मन मस्त मलंग सब खबर मुझे है आये जबसे परदेस मंझा कर रहे बहुत ही सेवा खिला रहे शबरी माफिक चख चख सगरे मेवा बिन बांटे सिल क्यों ये अँखियों, चढ़ा भंग का रंग सब खबर मुझे है... नहीं बिसरती पियु मोहे वो पार बरस की होली आँगन अट्ट बाग बगिया थी कोई जगह ना छोड़ी कर बरजोरी बहुत भिगोया जाने कौन निकाली रंग सब खबर मुझे है। **– प्रियंवदा अवस्थी**

यूँ दुनिया में लोगों का मेला

यूँ दुनिया में लोगों का मेला लगा। मगर हर कोई हमको तनहा लगा। क़रीब आ के देखा जो लोगों को तो। हर इक शख़्स अंदर से बिखरा लगा है। कली ,फूल ,तितली ,क़मल ,चाँदनी। तुम्हारे बिना कुछ न अच्छा लगा। भले सात तालों में रक्खे कोई। ख़यालों पे कब कोई पहरा लगा हुई उसकी रहमत जो 'कमल' तो फिर। दुख,गम,दर्द, मानो खुद ब खुद जाने लगा। **– कमलकांत डोंगरे**

जनाबाई का संबंध देखिए

जनाबाई का संबंध, देखिए प्रेमानुबंध साथ बैठ विट्ठल जी, चकिया चला रहे। होवे सांझ या सवेरा,मन रमा है चितेरा रमता के भजनों में , श्याम ही पला रहे उपलों को देती थाप, विट्ठल की ले आलाप चकिया चलाता मन, श्याम में ढला रहे। जनाबाई गाती गीत, काज करें श्याम मीत धुन अपनी मगन, बैठी चंचला रहे। **– रजनी रामदेव**

तुम्हारी याद में तन्हा मिरी रातें

तुम्हारी याद में तन्हा मिरी रातें तड़पती है, तुम्हारी इंतिजारी में खड़ी राहें तड़पती है, तुम्हारे लम्स को पाकर महकने के लिए तन्हा ख़बर तुझको नही कैसे मेरी बाँहे तड़पती है। **– गोविंद शर्मा**

कब तलक यार ज़िद तेरे इन्कार

कब तलक यार ज़िद तेरे इन्कार की कोई तो वज्ह हो तेरी तकरार की मर गये हम निगाहों के इक वार से अब ज़रूरत नहीं यार तलवार की मेरी आँखों में तू बस गई है सनम अब तो चाहत नहीं तेरे दीदार की मिल गये दिल से दिल फिर ये पर्दा है क्यों देख हालत तू अपने तलबगार की सूनी दिल की जमीं बिन मुलाकात के अब है हसरत मुलाकात बौछार की डूब जाते मुहब्बत के किस्से में हम मौत होती रही सच्चे किरदार की इश्क़ चुभता बहुत, है तजरबा दिनेश फ़िक्र करता नहीं बिस्तर-ए- ख़ार की। **– दिनेश भोपाली**

कुछ और रिश्ते भी हैं दरमियां

कुछ और रिश्ते भी हैं दरमियां, समझती हूँ बनी है आज ये जो दूरियां, समझती हूँ तुम्हें है छूट, गिला कुछ नहीं है सच तुमसे तुम्हारे झूठ की मज़बूरियां, समझती हूँ। **– ममता लड़ीवाल**

एक बार देर में जब भी मैंने देखा

एक बार देर में जब भी मैंने देखा किसी भी समय, यह मुझे निराश नहीं किया... कभी कभी समय विपरीत है लेकिन इसका मतलब नहीं है वह समय हमारे साथ नहीं है यह समय है लेकिन फिर ये समय सच दे जब भी सच सही है सत्य सब है समय के साथ आर्द्रता को पकड़ें.. क्योंकि जीवन समय का अनुभव है। **– नंदिता तनूजा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1968 - मार्टिन लूथर किंग की हत्या। 1983 - ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी के नेता बॉब हॉक प्रधानमंत्री बने। 1997 - भारत तथा तेरह अन्य देशों ने इंडियन ओशन रिम एसोसियेशन के गठन की घोषणा की। 1999 - आज़ाद देश के राष्ट्रकुल के कार्यकारी सचिव बोरिस बेरनोवस्की की बर्खास्तगी, फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कोलंबो से अपने 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हज़ार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा का शुभारम्भ किया। 2001 - कोलंबिया के राष्ट्रपति परुत्राना चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए, मक्का में ईद के दौरान भगदड़ में 36 यात्री मरे। 2002 - राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न। 2003 - अलकायदा का शीर्ष आतंकवादी मुस्तफ़ा अहमद अल-हवसावी रावलपिंडी में गिरफ़्तार। 2006 - पाकिस्तान में अलकायदा और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 100 लोग मारे गये। 2007 - अर्जेन्टीना ने भारत द्वारा अदालती कार्रवाही के लिए क्वात्रोची के प्रत्यर्पण दस्तावेज स्वीकृत किये।

QUIZ TIME

1) किस इन्सुरेंस कंपनी ने भारत का पहला डेंटल हेल्थ इन्सुरेंस प्लान लांच किया है?
2) भारत का पहला महिला-स्वामित्व वाला औद्योगिक पार्क किस शहर में खोला गया है?
3) किसने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जीवा कार्यक्रम शुरू किया है?
4) लीप किसका नया स्टार्टअप प्रोग्राम है?
5) किस भारतीय को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एशिया-प्रशांत विभाग के प्रमुख नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इन्सुरेंस (2) हैदराबाद (3) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (4) फ्लिपकार्ट (5) कृष्णा

प्रेरक प्रसंग : हमारी जिन्दगी की नाव

एक आदमी ने एक पेंटर को बुलाया अपने घर, और अपनी नाव दिखाकर कहा कि इसको पेंट कर दो ! उस पेंटर ने पेंट लेकर उस नाव को लाल रंग से पेंट कर दिया जैसा कि नाव का मालिक चाहता था। फिर पेंटर ने अपने पैसे लिए और चला गया ।

अगले दिन, पेंटर के घर पर वह नाव का मालिक पहुँचा, और उसने एक बहुत बड़ी धनराशी का चेक दिया उस पेंटर को । पेंटर भौंचक्का हो गया, और पूछा - ये किस बात के इतने पैसे हैं ? मेरे पैसे तो आपने कल ही दे दिया था । मालिक ने कहा ये पेंट का पैसा नहीं है, बल्कि ये उस नाव में जो 'छेद' था, उसको रिपेयर करने का पैसा है , पेंटर ने कहा अरे साहब, वो तो एक छोटा सा छेद था, सो मैंने बंद कर दिया था। उस छोटे से छेद के लिए इतना पैसा मुझे, ठीक नहीं लग रहा है ।

मालिक ने कहा दोस्त, तुम्हें पूरी बात पता नहीं !अच्छा मैं विस्तार से समझाता हूँ। जब मैंने तुम्हें पेंट के लिए कहा तो जल्दबाजी में तुम्हें ये बताना भूल गया कि नाव में एक छेद है उसको रिपेयर कर देना और जब पेंट सूख गया, तो मेरे दोनों बच्चे उस नाव को समुद्र में लेकर नौकायन के लिए निकल गए ।

मैं उस वक़्त घर पर नहीं था, लेकिन जब लौट कर आया और अपनी पत्नी से ये सुना कि बच्चे नाव को लेकर नौकायन पर निकल गए हैं तो मैं बदहवास हो गया। क्योंकि मुझे याद आया कि नाव में तो छेद है ! मैं गिरता पड़ता भागा उस तरफ़ जिधर मेरे प्यारे बच्चे गए थे। लेकिन थोड़ी दूर पर मुझे मेरे बच्चे दिख गए, जो सकुशल वापस आ रहे थे अब मेरी ख़ुशी और प्रसन्नता का आलम तुम समझ सकते हो ! फिर मैंने छेद चेक किया, तो पता चला कि, मुझे बिना बताये तुम उसको रिपेयर कर चुके हो! तो मेरे दोस्त उस महान कार्य के लिए तो ये पैसे भी बहुत थोड़े है !

मेरी औकात नहीं कि उस कार्य के बदले तुम्हे ठीक ठाक पैसे दे पाऊं , जीवन में भलाई का कार्य जब मौका लगे हमेशा कर देना चाहिए, भले ही वो बहुत छोटा सा कार्य ही क्यों न हो ! क्योंकि कभी कभी वो छोटा सा कार्य भी किसी के लिए बहुत अमूल्य हो सकता है। सभी मित्रों को जिन्होंने 'हमारी जिन्दगी की नाव' कभी भी रिपेयर की है उन्हें हार्दिक धन्यवाद और सदैव प्रयत्नशील रहें कि हम भी किसी की नाव रिपेयरिंग करने के लिए हमेशा तत्पर रहें।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -360

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे संपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफ़ाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समृद्ध 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. माँ का बच्चों के प्रति प्रेम 13. ख़ैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 359 का हल

'पेंशन अदालत' कार्यक्रम का आयोजन 10 को

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों/समस्याओं के सहज निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए 'पेंशन अदालत' कार्यक्रम का आयोजन आगामी मार्च माह की 10 तारीख (10.03.2023, शुक्रवार) को आयोजित किया जाना है 7 कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा व्यक्तिगत सुनवाई की जाती है । उक्त कार्यक्रम का आयोजन, कार्यालय सभा कक्ष , प्रथम तल , भ.नि.भवन, पंडरी, रायपुर. छ.ग. में किया जाएगा। अतः इस कार्यक्रम का लाभ उठाने के इच्छुक पेंशनरों से निवेदन है कि वे अपनी विशिष्ट शिकायत,कार्यालय के डाक पते पर अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 09.03.2023 अथवा उससे पूर्व अवश्य प्रेषित करें । कृपया ध्यान दें कि शिकायत में भविष्य निधि से संबंधित समस्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। आवेदन पर 'पेंशन अदालत' अंकित करें तथा शिकायत में अपनी भविष्य निधि खाता संख्या/पीपीओ संख्या का स्पष्ट उल्लेख करें। अपनी शिकायत के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने से उसके त्वरित समाधान में सहायता होगी। सभी संबंधित पेंशनरों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठावें ।

भाजपा विधायक सदन में पढ़ रहे थे हनुमान चालीसा, कांग्रेसी मंत्री ने कहा जानवरों जैसी आवाज आ रही है

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में पत्रकारों से चर्चा करते हुए वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कल सदन में जब हम हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे जय सियाराम भजन गा रहे थे, ओंकार का नाद कर रहे थे तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से कहा कि इन्हें रेबीज का इंजेक्शन दीजिए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा हां मैं बुला लेता हूं। मुख्य मंत्री ने कहा कि खत्म तो नहीं हो गया तब स्वास्थ्य मंत्री ने कहा पूरा है। इसी बात को संसदीय कार्य मंत्री भी कह रहे थे की जानवरों जैसी आवाज कर रहे थे। इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की उन्होंने जो सदन में हमारे लिए कहा है अगर उनके लिए भी उसकी आवश्यकता है तो हम उनके साथी हैं। पर इस प्रकार की बाते कहना पूरे सदन का अपमान है। यहां की परंपराओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि हम तो आसंदी को धन्यवाद देते है जो उन्होंने इन बातों को विलोपित किया है और कहा है कि सदन की कार्रवाई में यह सब बातें नहीं आनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने जरूर इस विषय पर खेद व्यक्त किया है परंतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अफसोस भी जाहिर नहीं किया। सत्ताधारी नेताओं द्वारा कही गई यह आपत्तिजनक बातें सदन के सदस्यों की अवमानना है। बृजमोहन ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के तहत कार्रवाई करें।

भाजयुमो ने चक्काजाम कर सीएसपी गुर्जर पर मारपीट का लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। भाजयुमो के चक्काजाम से आमापारा, आजाद चौक की सड़क पर शाम ढलते ही लंबा जाम देखने को मिला है. एसएसपी प्रशांत अग्रवाल की कार जाम में फंसते हुए नजर आई. जिसे तत्काल पुलिस जवानों से भीड़ से बाहर निकाला है. भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सीएसपी मयंक गुर्जर पर भाजयुमो कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता ने बताया कि, कानून व्यवस्था में पुलिस प्रशासन पूरी तरह फेल हो चुका है. शहर के बीचों बीच हत्या की वारदात हो जा रही है. जिसकी खीज निकालने पुलिस अधिकारी आम जनता के साथ जबरिया मारपीट कर रहें हैं. भाजपा कार्यकर्ता शंकर साहू के साथ मारपीट की गई है. जिसका हम विरोध करते हैं. आईपीएस मयंक गुर्जर हमारे कार्यकर्ता से माफी मांगें, वरना भाजयुमो कार्यकर्ता उग्र प्रदर्शन करेंगे। वहीं आजाद चौक सीएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि, कल देर शाम स्मट्स कॉलोनी में हत्या की वारदात हुई थी. समता कालोनी में गुंडे बदमाशों का जमावड़ा रहता है. जिसका विरोध स्थानीय निवासी भी करते रहे हैं. स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए वहां के लोगों को हटाने की समझाइश दी गई थी।

आंगन में खेल रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम नैननार पटेलपारा में शुक्रवार की शाम को घर के आंगन में खेल रहे दो वर्षीय बच्चे को एक जंगली भेड़िया उठाकर ले गया। उसके पीछे-पीछे बच्चे को बचाने उसकी मां भी गई और बच्चे को अस्पताल भी लाई लेकिन वह उसे बचा न सकी। मृतक ईश्वर की मां सुनकी मौर्य ने बताया कि शुक्रवार की शाम को दो साल का ईश्वर अपने बड़े भाई के साथ घर के आंगन में खेल रहा था, जबकि उसकी मां आंगन के दूसरी ओर सब्जी बना रही थी। शाम करीब 6 बजे मां ने बेटे ईश्वर के रोने की आवाज सुनी और बाहर आकर देखा तो एक भेड़िया उसके बच्चे के ऊपर हमला कर रहा था। जब भेड़िए ने मां को देखा तो बच्चे को मुंह में दबाकर जंगल की ओर भागा। बच्चे को ले जाता देख मां भी भेड़िया के पीछे भागी। वह तीन किलोमीटर तक भेड़िए का पीछा करती रही और रास्ते में भेड़िए पर पत्थरों की बौछार भी कर दी। पत्थरों से परेशान हो भेड़िए ने बच्चे को छोड़कर मां को जंगल में दौड़ाया। मां अपने आप को बचाने के लिए भागी, लेकिन कुछ देर के बाद भेड़िया भी वहां से चला गया। मां ने किसी तरह रात में करीब दो घंटे तक बच्चे की तलाश की और किसी तरह उसे ढूंढकर अन्य लोगों की मदद से तोकापाल स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां से उसे मेकाज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान ईश्वर की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया है, जबकि घर के आसपास रहने वाले परिवार अब अपने बच्चों को रात में निकलने से भी मना कर रहे हैं। मृतक ईश्वर की मां का कहना है कि जंगल में रात ज्यादा होने के कारण ईश्वर उसे मिल नहीं रहा था, लेकिन जब मिला तो लहूलुहान हालत में था। शनिवार को बच्चे के शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एमपी चन्द्राकर का निधन

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के प्रथम जनरल फिजिशियन चिकित्सक डॉक्टर एमपी चंद्राकर का शुक्रवार को राजधानी के निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 83 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार 4 मार्च को

सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मे किया जाएगा। अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 11 बजे ग्रीन चौक दुर्ग स्थित उनके निवास से निकलकर शिवनाथ नदी मुक्तिधाम पहुंचेगी। वे चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल के संचालक थे। दुर्ग जिला ही नहीं छत्तीसगढ़ राज्य में बेहतर चिकित्सक के रूप में उनकी एक अपनी पहचान थी। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग एमपी चंद्राकर से ही अपना इलाज कराना पसंद किया करते थे। उनके निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डॉक्टर एमपी चंद्राकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में गरीबों का मसीहा डॉक्टर एमपी चंद्राकर अब नहीं रहे। ज्ञातव्य हो कि डॉक्टर एमपी चंद्राकर के भतीजे क्षितिज चंद्राकर मुख्यमंत्री के दामाद हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राजनीति के चाणक्य वासुदेव चंद्राकर के चचेरे भाई एमपी चंद्राकर नेहरू नगर चौक में संचालित चंदूलाल चंद्राकार मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक थे।

हेवी ब्लास्टिंग से टूटी ग्रामीण के घर की छत, बाल-बाल बचा परिवार

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के एसईसीएल कुसमुंडा खदान में हुई ब्लास्टिंग के कारण शनिवार को एक ग्रामीण के घर की छत टूट गई। खदान से लगे गांवों में रहने वाले लोग लगातार हो रही ब्लास्टिंग से परेशान हैं। हेवी ब्लास्टिंग से प्रभावित ग्रामीण विस्थापन की मांग को लेकर खदान के भीतर प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ बरपाली ग्राम में एक ग्रामीण के घर का छप्पर भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत ये रही कि छत गिरने से पहले पूरा परिवार घर से बाहर आ गया था, नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से लगे गांव में रहने वाले ग्रामीण अब सुरक्षित नहीं हैं। कोयला उत्पादन के लिए खदान में होने वाली हेवी ब्लास्टिंग के

कारण लोगों के आवास प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। खदान से सटे ग्राम बरपाली में ऐसी ही घटना सामने आई, जहां देखते ही देखते हरिदास नाम के ग्रामीण के घर का छप्पर भरभराकर नीचे गिर गया।

हिलने लगा था घर

ब्लास्टिंग के कारण ग्रामीण का घर हिलने लगा था, जिससे परिवार को पहले ही कुछ अनिष्ट की आशंका हो गई थी। इसके बाद परिवार ने जैसे-तैसे घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हरि दास की पत्नी ने बताया कि वे अपने बच्चों को लेकर दोपहर में घर पर सो रही थी, इसी दौरान खदान में ब्लास्टिंग भी हो रही थी। उनके पड़ोसी ने उन्हें जगाया और इस बारे में आगाह किया। इसके बाद वे बच्चों को लेकर कमरे से बाहर निकली। इसके ठीक बाद ही घर की छत भरभराकर गिर गई।

अन्य गांवों का भी यही हाल

हरि दास के पड़ोस में रहने वाले एक और ग्रामीण का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। मेदनी बाई नाम की महिला ने बताया कि उसके घर की दीवारें दरक गई हैं और घर की शीट भी टूट रही है। बरपाली की तरह कुसमुंडा खदान से लगे पाली पड़निया, जटराज गांव का भी यही हाल है। यहां ग्रामीणों के घर ब्लास्टिंग के कारण प्रभावित हो रहे हैं। समय रहते अगर इनका विस्थापन नहीं किया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने कई बार इसे लेकर प्रशासन से भी शिकायत की है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल रहा।

सागौन तथा बीजा लकड़ी के अवैध चिरान जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत बिलासपुर वनमंडल के अंतर्गत विगत दिवस कार्रवाई उपरांत अवैध कटाई तथा अतिक्रमण में संलिप्त तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

वनमंडलाधिकारी बिलासपुर श्री कुमार निशांत के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा वन परिक्षेत्र रतनपुर अंतर्गत बानाबेल सर्किल के सोडाखुर्द परिसर में जांच के दौरान ग्राम सोडाखुर्द से दो आरोपियों तथा ग्राम लोहाड़िया से एक आरोपी को सागौन एवं अन्य मिश्रित प्रजातियों के वृक्षों की अवैध कटाई कर अतिक्रमण करते पाया गया। इनका अनुमानित मूल्य लगभग 2 लाख रूपए है। इसी तरह विभागीय टीम द्वारा ग्राम नांगचुआ में श्री ओंमकार गंधर्व के घर एवं बाड़ी में तलाशी कर कुल 11 नग बीजा लकड़ी के चिरान जप्त किए गए। जप्तशुदा चिरान को विक्रय डिपो कोटा में परिवहन कराया गया है।

तहसीलदार व पटवारी के खिलाफ गंभीर आरोप, शिकायत कलेक्टर से

सूरजपुर/नवप्रदेश। तहसीलदार को अभी कार्यभार संभाले दो दिन भी नहीं हुए है कि उनके खिलाफ लामबन्दी शुरू हो गई है। यहां पदस्थ तहसीलदार संजय राठौर की जगह पर नई तहसीलदार के रूप में वर्षा बंसल पदस्थ हुई हैं। उनके खिलाफ भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को एक शिकायत देकर उन पर कई आरोप जड़ दिए। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम- पचिरा राजस्व मण्डल पचिरा की पटवारी शशि सिंह द्वारा ग्रामीणजनों जनता से राजस्व कार्या करने हेतु अभिलेख दुरूस्ती, चौहदी, ऋण पुस्तिका, बंटवारा, सीमांकन के लिए ग्रामीणों से पैसे की मांग की जाती है। पैसे नहीं देने या कम देने पर अन्यत्र ग्रामीणजनों को परेशान कर अपने घर का चक्कर कटवाती हैं। कार्यालय पर कभी उपलब्ध नहीं रहती है। पटवारी अपने घर मुख्य मार्ग गिरवगंज में रहकर कार्य करती है। जिसकी शिकायत

मौखिक रूप से जनप्रतिनिधियों द्वारा तहसीलदार वर्षा बंसल से करने पर उनके द्वारा खुले आम पैसे लेने की बात को स्वीकार करते हुए और पैसे आप लोग क्यूं नहीं दे देते हो जितना पटवारी मांगती है उतना दो और काम कराने की बात कहती है। ज्ञापन में उक्त राजस्व तहसील में खुले आम रुपयों की मांग करने वाले कर्मचारियों पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई है। कार्रवाई न होने पर भारतीय किसान संघ द्वारा तहसील कार्यालय के घेराव को चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालो में अरुण राजवाड़े, केदार राजवाड़े, दिनेश राजवाड़े, संजय कुर्रे, सरपंच दिलभरन,शांति सिंह,किरण खेस, नन्दनी सिंह एंव मनोज पांडेय सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस संबंध में जब तहसीलदार वर्षा बंसल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि आरोप निराधार हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है। अभी मुझे हाल ही में कार्यभार मिला है।

नारायणपुर हिंसा मामले में पांच आदिवासियों को हाईकोर्ट ने दी जमानत

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नारायणपुर हिंसा मामले में जेल में बंद आरोपियों में से 5 आदिवासियों को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। धर्मांतरण के मामले में 2 जनवरी को पुलिस और आदिवासियों के बीच झड़प हुई थी। इस हिंसा में तत्कालीन एसपी सदानंद कुमार और टीआई को चोटें लगी थी। मामले में पुलिस ने 50 से ज्यादा आदिवासियों के खिलाफ एफआईआर की थी और गिरफ्तारियां की गई थी। जिन पांच आदिवासियों को हाईकोर्ट से जमानत मिली है उनमें रुपसाइ सलाम, अतुल नेताम, अंकित नंदी, पवन कुमार नाग, डोमेन्द्र कुमार यादव नंदी शामिल हैं। दरअसल नारायणपुर में धर्म परिवर्तन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। ईसाई मिशनरियों पर जबरदस्ती और प्रलोभन देकर आदिवासियों का धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले में ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया था। आरोप है कि

विरोध करने पर मिशिनरी और धर्मांतरित लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। घटना के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने गांव में बैठक रखी थी। तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। खुद एसपी सदानंद मौके पर मौजूद थे। बैठक के बाद आदिवासी उग्र हो गए और उन्होंने चर्च पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान ग्रामीणों ने चर्च में तोड़फोड़ करने के साथ ही पुलिस पर भी हमला कर दिया था। जिसमें एसपी और टीआई घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने 50 से ज्यादा आदिवासियों को आरोपी बनाया था और उनकी गिरफ्तारी की गई थी।

चेम्बर की मांग पर प्रशासन ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट

■ **चेम्बर ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर की मांग पर प्रशासन ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में प्रदान की जिसके लिए चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के समस्त व्यापारियों और किसानों की ओर से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट को लेकर चेंबर द्वारा पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी एवं कृषि मंत्री माननीय रविंद्र चैबे जी को ज्ञापन सौंपा गया था।

पारवानी ने आगे कहा कि पोहा-मुरमुरा उद्योग, किराना एवं दलहन-तिलहनों पर बढ़ी हुई दर से लगने वाले मंडी शुल्क को लेकर चेंबर ने माननीय मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री जी से यह निवेदन किया था कि मंडी शुल्क में छूट प्रदान की जाए जिसके परिपेक्ष्य में आज प्रशासन द्वारा मंडी क्षेत्र में प्रदेश के बाहर से लायी गई अधिसूचित कृषि उपज (धान को छोड़कर) पर प्रति 100 रु. के मूल्य पर .50 पैसे की दर से तथा .25 पैसे की दर से कृषक कल्याण शुल्क निर्धारित की गई।

छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय राजवंश पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ

■ **इतिहास लेखन में राजनीतिक और सांस्कृतिक सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए**

रायपुर/नवप्रदेश। इतिहास लेखन में राजनीतिक और सांस्कृतिक सीमाओं का ध्यान रखना चाहिएइतिहास लेखन में राजनीतिक और सांस्कृतिक सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय राजवंश पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ महंत घासीदास

स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में किया गया। आज तीन अकादमिक सत्र संपन्न हुए, जिसमें 12 शोध पत्र पढ़े गए और 6 व्याख्यान हुए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विभाग से प्रकाशित शोध संक्षेपिका और नव उत्खनित स्थल रीवा के उत्खनन प्रतिवेदन का विमोचन किया गया। शुभारंभ सत्र में आमंत्रित अतिथि पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा आधार वक्ता प्रोफेसर लक्ष्मी शंकर निगम, आचार्य रमेंद्र नाथ मिश्र और प्रोफेसर ब्योमकेश त्रिपाठी वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्रोफेसर ब्योमकेश त्रिपाठी ने संगोष्ठी में कहा कि क्षेत्रीय इतिहास लेखन के दौरान केवल राजनीतिक सीमाओं को ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक सीमाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए।

रायपुर कलेक्टर और एसएसपी ने ली शांति समिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को रेड क्रास भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर-एसपी ने समाज के नागरिकों से यह अपील की है कि वह त्योहार मनाएं पर शांति को भी बरकरार रखें। प्रशासन के मुताबिक होली और शब-ए-बारात पर्व को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी।

सुरक्षा के लिए शांति समिति की बैठक में रायपुर कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने समाज प्रमुखों की बैठक ली। इस अवसर पर बिरगांव नगर निगम के अध्यक्ष श्री नन्दलाल देवांगन,अपर कलेक्टर श्री एन.आर.साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों को होली और शब-ए-बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कई आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए।

1137 बच्चों का कराया स्वर्ण प्राशन

रायपुर/नवप्रदेश। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर द्वारा आज 1137 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में 610 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। वहीं शहर के तीन स्कूलों शासकीय प्राथमिक शाला कोटा और चंगोराभाठा तथा गार्गी पब्लिक स्कूल बोरिया कला में शिविर आयोजित कर कुल 527 बच्चों को इसका सेवन कराया

गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। इस वर्ष की दो अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी और 4 फरवरी को भी क्रमशः 831 और 1124 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया था।

पत्नी के छोड़कर जाने से नाराज युवक ने लगाई फांसी

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में कोतवाली के गोयल बाड़ी के आगे पुल में शनिवार की सुबह एक युवक ने पुल में ही फंदा बनाकर लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। जहां शव को पीएम के लिए मेकाज लाया गया। मामले के बारे में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया की शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने फोन पर सूचना दी की गोयल बाड़ी के आगे पुल में किसी युवक के द्वारा फंदा बनाकर आत्महत्या की गई है। सूचना के मिलते ही पुलिस की एक टीम रवाना किया गया, जहां मौके पर पुलिस को एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया, जिसका नंबर धमतरी का बताया जा रहा था। साथ ही वाहन में चाबी भी लगी हुई थी। वहीं, पास में ही चप्पल व एक चैन भी थी।

13,268 करोड़ कर्ज में डूबी छत्तीसगढ़ की बिजली कंपनियां, सरकार का 5362 करोड़ बकाया

■ **बृजमोहन ने विधानसभा में उठाया बिजली कंपनियों की बकाया राशि व एकीकरण का मुद्दा मुख्यमंत्री ने दिया जवाब**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने ऊर्जा(बिजली) कंपनियों की बकाया राशि एवं एकीकरण (मर्ज) के विषय में सरकार से सवाल पूछा।

उन्होंने जानकारी मांगी की ऊर्जा विभाग में कितनी कंपनियां किस किस नाम से संचालित है और इन कंपनियों पर वर्तमान में

कितना कितना कर्ज है। उन्होंने यह भी पूछा कि शासन व शासन के विभागों से इन कंपनियों को कितनी राशि लेनी है तथा यह जानकारी चाही की क्या इन कंपनियों के एकीकरण की कोई योजना है? अगर है तो किन-किन कारणों से कब ली गई है? अब तक किन-किन कंपनियों को आपस में मर्ज किया गया है तथा इससे शासन को क्या लाभ हुआ है? इसके जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखित रूप से बताया कि ऊर्जा विभाग के अधीन वर्तमान में 3 पावर कंपनियां छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड संचालित है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड पर रुपए 1,668.38 करोड़ छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड पर रुपए 6,563.89 करोड़ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पर रुपए 5,033.81 करोड़ का कर्ज है।

भाजपा प्रधानमंत्री आवास पर झूठ की राजनीति कर रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास पर भाजपा झूठ बोलकर भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता राज्य में प्रधानमंत्री आवास को लेकर अलग-अलग आंकड़े बताकर फर्जीगिरी की राजनीति कर रही है। राज्य में ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास के काम प्रगति पर है। मुद्दाविहीन भाजपा आम जनता से गलत फार्म भरवा कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। प्रदेश में कुल शहरी और ग्रामीण मिलाकर कांग्रेस सरकार बनने के बाद 1,304,000 (तेरह लाख चार हजार) आवास स्वीकृत हुये है। प्रदेश में 10.57 लाख ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास की

मंजूरी हुई जिसमें 8.41 लाख आवास पूर्ण हो चुके है, शेष में कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में लगने वाली राज्यांश का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में 2 लाख 69 हजार मकान स्वीकृत हुये। प्रधानमंत्री आवास के शहरी क्षेत्र का ही यदि तुलनात्मक अध्ययन करे तो रमन सिंह सरकार ने 4 साल में शहरी क्षेत्र में मात्र 19,000 मकान बनाये थे तथा भूपेश सरकार ने 4 साल में 247,000 मकान बनाये है। रमन सरकार ने चार साल में मात्र 272 करोड़ रू. का राज्यांश दिया था इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने 4 साल में 2100 करोड़ शहरी आवास में राज्यांश दिया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार अपना हिस्सा न देने पड़े इसलिये प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति में हमेशा कोताही बरतती है। गरीबों के आशियाने के सपने को चकनाचूर करने वाले गरीबों के हितैषी बनने का पाखंड कर रहे हैं। भाजपा छत्तीसगढ़ में राज्य शासन पर झूठा आरोप लगाकर प्रधानमंत्री आवास पर भ्रम फैलाती है।

■ न्यूज गैलरी

जगदीश को जिपं अध्यक्ष और कलेक्टर ने चाबी सौंपा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सफाई कामगारों के बेरोजगारों को उनके स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु रियायती दर पर हितग्राही जगदीश पोयाम को गुड्स कैरियर योजनांतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने पिकप सौपी। पोयाम को कृषि उपज एवं वनोपज क्रय-विक्रय करने हेतु पिकअप वाहन की खरीदी पर कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने हितग्राही जगदीश पोयाम को उसके बेहतर भविष्य की कामना की। वहीं अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से संचालित कर आत्मनिर्भर बनने की समझाइश दी। इस मौके पर हितग्राही जगदीश पोयाम ने बताया कि उन्हें कृषि एवं वनोपज के संग्रहण एवं क्रय-विक्रय कर अपने स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए एक पिकअप वाहन की आवश्यकता थी।

महिला समूह प्राकृतिक रंजकों से बना रहीं हर्बल गुलाल

कोण्डागांव/नवप्रदेश। रसायनमुक्त रंग गुलाल से होने वाले परेशानी से बचने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के संयुक्त प्रयास से सांसद आदर्श ग्राम झाटीबन के ग्राम आलोर के मां शितला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल का उत्पादन किया गया है। रसायनमुक्त रंग गुलाल बनाने के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वर्ष भर वनों में जाकर प्राकृतिक रंजक जैसे पलास, धवई, सिंदूर, मेहँदी, पत्तियां तथा बाजार से चुकंदर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाबजल आदि का संग्रहण कर होली के एक माह पूर्व से हर्बल गुलाल उत्पादन करना प्रारम्भ कर दिया जाता है।

हड़ताल पर गये मजदूरों ने प्लांट को चालू करने की सहमति दी

कुसुमकसा/नवप्रददेश। समीपस्थ ग्राम गिधाली में संचालित - गोदावरी नेचुरल रिसोर्सेस प्राइवेट प्राइवेट लिमिटेड गिधाली के प्लांट में कार्यरत श्रमिको ने आठ सूत्रीय मांग को लेकर बुधवार 1 मार्च को सुबह 10 बजे से हड़ताल किये जाने से प्लांट में कार्य ठप्प हो जाने से 3 मार्च को त्रिपक्षीय वार्ता में बिंदुवार चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया गया ,व हड़ताल पर गये मजदूरों ने प्लांट को अभी से चालू करने की सहमति दी

आदर्श राष्ट्रीय गौरव ग्राम बेलरगांव में फागुन मडाई

नगरी/नवप्रदेश। आदर्श राष्ट्रीय गौरव ग्राम बेलरगांव में फागुन मडाई का आयोजन किया गया जिसमें आसपास गांव के डांग डोली देवी देवता आकर फुल मडई में आडई भवर घूम कर एक जगह ईकठ्ठ हुए उसके बाद कृषि एवं ग्राम विकास समिति द्वारा विदा किया गया । जिसमें संरक्षक अमर सिंह पटेल लिलम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, पुनाऊ राम जुरी ,सुरेश कोरीम, चुन्नू लाल साहू, कोमल सोरी, शेखर आडिल, व देवसमिति के सदस्य उपस्थित थे।एवं मोहल्ला समिति अमलीपारा . शीतला पारा के द्वारा लोगों की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया।

एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय, चिरमिरी के स्मार्ट कक्ष में गत दिवस गुरुवार को एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि सभापति, नगर निगम चिरमिरी गायत्री बिरहा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में उद्योग विभाग के योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक नीति 2019-2024 के अंतर्गत स्व-रोजगार एवं उद्यम की स्थापना के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रैली निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ मांगे न माने जाने पर 18 मार्च को होगा रायपुर में महारैली

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी द्वारा प्रांतीय आह्वान पर आश्वासन नहीं समाधान आंदोलन के प्रथम चरण के तहत 3 मार्च केआंदोलन में समस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारी तथा समस्त कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य दोपहर 3:00 बजे बीआरसी ऑफिस पास एकत्रित हुए तत्पश्चात ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव के नेतृत्व में रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए प्रस्थान कर तहसील कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री तथा मुख्यसचिव के नाम अनुविभागीयअधिकारी राजस्व नगरी को ज्ञापन सौपा। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया की मांगों के संबंध में राज्य शासन को समय-समय पर ज्ञापन देकर निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है फेडरेशन कई चरणों में आंदोलन कर शासन प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा चुका है लेकिन खेद का विषय है कि निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित हैं। संयोजक ध्रुव ने कहा है किशिक्षा स्वास्थ्य, कृषि सहित समस्त लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति एवं एलबी संवर्ग के कर्मचारियों की पूर्व सेवा की गणनाकर लाभ, पिंगवा कमेटी की रिपोर्ट शासन को सौंपने तथा केंद्र के सामान 38% महंगाई भत्ता व सातवें वेतनमान पर गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांग को जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कियागया तथा मांग पूरी नही होने पर द्वितीय चरण का आंदोलन 18 मार्च को रायपुर में महारैली किया जाएगा। इस प्रदर्शन व ज्ञापन रैली में समस्त विभाग के भृत्य , लिपिक ,शिक्षक,पटवारी ,राजस्व निरीक्षक,कृषि अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारी ,जनपद कर्मचारी सचिव, पर्यवेक्षक महिला बाल विकास इंजीनियर ,सहित चतुर्थ वर्ग से लेकर के द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी आंदोलन में शामिल हुए। जिसमे छत्तीसगढ़ कर्मचारीअधिकारी फेडरेशन उपाध्यक्ष तरुण कुमार साहू विजय कुमार गेंदे, महासचिव किशोर कश्यप, सचिव गिरीश जायसवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार बोर्झा, सहसचिव सुरेंद्रलोनहारे, संजय रेड्डी, आईटी सेल प्रभारी देव प्रकाश ताम्रकार प्रवक्ता केपी साहू, दिनेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ बीपी चंद्रा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ, सुरेश ध्रुव अजजा सेवक संघ, जयपाल खनुजाअध्यक्ष समन्वयक संघ, कुलेशकुंजाम अध्यक्ष चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, रामकृष्ण ठाकुरअध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, हरीश खत्री, संजीव निर्मलकर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सुरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस, सुरेंद्र कुमार ध्रुव अध्यक्ष पटवारी संघ, योगेश कुमार नाग अध्यक्ष कृषि कर्मचारी अधिकारी संघरेंद्र नेताम महासचिव, लोमश साहू, गजानन्द सोन, हितेन्द्र बंजारे, पुष्पा मोहिते, अनिता साहू, मितेश साहू, जितेंद्र वर्मा, नरेश राहुल, देवशरण साहू, आर एल सोनी, रमेश यादव, उदेराम यादव, केशव नाग सहितब्लॉक के समस्त विभागों में कार्यरत सैकड़ोंअधिकारी कर्मचारियों को प्रदर्शन ज्ञापन रैली में शामिल हुए।

होलिका दहन, रंगपर्व होली तथा शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर

शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज आगामी 7 एवं 8 मार्च को होलिका दहन, शब-ए-बारात और रंगपर्व होली के मद्देनजर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी लंगेह ने बैठक में कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारा कोरिया जिले की गौरवशाली परम्परा रही है। इसी परंपरा को आगे भी कायम रखना प्रत्येक जिलेवासी को ज़िम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, समुदाय प्रमुखों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की कि आपसी सहयोग और समन्वय कर जिले में शांति, सौहार्द और सद्भावना बनाये रखें जिससे जिले में आगामी पर्वों को हमेशा की भांति उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा सके।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि आगामी होली के पावन पर्व के अवसर पर शरारती तत्वों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और उचित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम प्रभावशील है। इसका पालन हो। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान सोशल मीडिया में कोई आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट न करें। यदि आपके संज्ञान में कोई आपत्तिजनक जानकारी, अफवाह या भ्रामक सूचना आती है तो उसे पहले जांच एवं सत्यापित करें। उसे आगे ना फैलाएं, और तुरंत पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दें।

उन्होंने होली पर्व के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम विजिट करें। आवश्यकता पड़ने पर बॉन्ड ओवर की कार्यवाही भी की जा सकती है।

हिंदू सेना द्वारा सनातनी रिवाज से संतों का पूरे चिरिमिरी शहर में भव्य स्वागत

चिरमिरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में चल रहे अखिल भारतीय संत समिति के द्वारा स्वाभिमान जागरण पद यात्रा के 4 प्रमुख यात्रा जो कि चारों दिशाओं से एक दिन तथा एक समय से प्रारंभ हुई है।

यह यात्रा चिरमिरी पोंडी से प्रारंभ होकर संपूर्ण चिरमिरी के सभी ग्रामों से होकर खड़गवां पहुंची। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत देश को संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए,धर्मातरण तथा मामांतरण के विरुद्ध कठोर कानून बनाने, छुआछूत की भावना को समाप्त करने जाति तथा वर्ण व्यवस्था से छुआछूत समाप्त करने, लव जिहाद तथा लैंड जिहाद के विरुद्ध कठोर कानून पारित करने तथा असामाजिक राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने साथ ही छत्तीसगढ़ शांतिप्रिय प्रदेश और अवैध घुसपैठियों का प्रवेश पूर्णता बंद करने तथा हिंदू समाज को एक सूत्र में बांध कर रखने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय संतोषी समिति छत्तीसगढ़ यात्रा कर रही है।

इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करने सभी पंतों के लोगों के उत्साह के साथ शामिल हुए, जिसमे सेन समाज,सुदर्शन समाज, कंग समाज, व्यापार संघ हल्दीबाड़ी, केशरवानी समाज बड़ा बाजार, उत्कल समाज की मुख्य भूमिका थी। वहीं इस कार्यक्रम में हिंदू सेना का विशेष योगदान रहा जिसमे कि हिंदू सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेतृत्व में संपूर्ण चिरमिरी तथा खड़गवां में जगह जगह कार्यकर्ताओं ने समस्त संत समाज का सनातनी रिवाज से भव्य स्वागत[मुखर्जी,रवि,विकाश शर्मा, सुनील, दीपक के साथ सैकड़ों की संख्या में हिंदू सेना के सदस्यों ने शंखनाद,हरी कीर्तन,भजन के साथ संतों का पैर धोकर, तिलक चंदन, पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर सभी संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर पूज्य संतों का उद्बोधन सुना।

पीएम आवास योजनान्तर्गत कार्यशाला संपन्न

कोण्डागांव/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के सभागार में विगत दिवस प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के समाजिक अंकेक्षण हेतु सूडा द्वारा अनुबंधित संस्था नव आस्था जन विकास सेवा समिति द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों को सामाजिक अंकेक्षण द्वारा जानकारी देते हुए आवास निर्माण में आ रही दिक्कतों को साझा करवाकर तत्काल उनका समाधान भी किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन और निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किये। आवास योजना के सहायक नोडल एवं उप अभियंता गिरिजा शंकर परते ने इस संबंध में स्वीकृति से कार्य पूर्ण करने की तकनीकी प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख करने सहित अप्रारम्भ आवासों की जानकारी दी ! कार्यशाला में नगर पालिका परिषद के सीएलटीसी एक्सपर्ट सत्येंद्र कौशिक, पीआइयू रिया सहित आर्किटेक्ट ज्योतिषचंद गुप्ता एसोसिएट एवं जिलानी एसोसिएट के समस्त सर्वेयरों तथा पालिका के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

सुकमा/नवप्रदेश सुकमा जिले के चिंतलनार में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजित किया गया था। अमित जोगी के चिंतलनार पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। अमित जोगी ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमसे पिछले चुनाव में एक गलती हो गई कि बस्तर संभाग में हमने अन्य राजनीतिक दलों से गठबंधन किया ये हमारे लिए घातक सिद्ध हुआ। आने वाले चुनाव में हम जनता के बीच जाकर जनता से कहेंगे कि 15 साल भाजपा को मौका दिया और 5 वर्ष कांग्रेस को मौका दिया। एक बार अपने क्षेत्रीय पार्टी को मौका देकर देखिए छत्तीसगढ़ की अमीर धरती के गरीब लोगों को अमीर नहीं बना दिया तो मुझे फांसी की सजा दे दें। जनता जानती है कि मैं जोगी का लड़का हूँ हमारी जान जा सकती है पर जुबान नही जा सकती। अमित जोगी ने कहा कि कांग्रेस भाजपा के पास धनबल और सत्ताबल है तो हमारे पास जनबल है। जिनको लगता है अमित जोगी के जाने के बाद हमारी पार्टी कमजोर व अनाथ हो गई है उन्हें बता दें कि जिसके सर के ऊपर छत्तीसगढ़ महतारी, किसानों,मजदूरों, गरीबों, माताओं बहनों का आशीर्वाद है। वो कभी अनाथ नही हो सकता है। आज चिंतलनार में बिना कोई व्यवस्था के गांव गांव से लोग इकट्ठा हुए हैं।

कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में विकास कार्यों को गति देने, प्रशासनिक कसावट लाने तथा आम जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों और विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आज सुबह 8 बजे बीटीआई चौक से शुरुआत करते हुए लगभग 2 घंटे पैदल चलते हुए जांजगीर शहरी क्षेत्र के विभिन्न कार्यों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी ने सबसे पहले बीटीआई चौक के निकट निर्माणाधीन नहर पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए शहरी क्षेत्र के ट्रैफिक व्यवस्था, पब्लिक पार्किंग, ड्रेनेज सिस्टम, शहरी साफ सफाई व्यवस्था, सड़क चौड़ीकरण कार्य, सब्जी मार्केट स्थल, साप्ताहिक बुधवारी बाजार स्थल, मछली बाजार स्थल, चौपाटी स्थल, विद्युत व्यवस्था, उद्यानों के रखरखाव, सांस्कृतिक भवन, पुराना नगर पालिका भवन, सिटी क्लब, जिले के प्रमुख चौक चौराहों की व्यवस्था, शासकीय भवनों के अद्यतन स्थिति का निरीक्षण और शहर की आधारभूत आवश्यकताओं तथा समस्याओं की जानकारी लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी को प्लान तैयार करते हुवे आवश्यक सुधार कार्य व उचित रखरखाव किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और नगरवासी उपस्थित थे।

रसोई गैस की दाम में बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले सरकार : सीपीआई

कोण्डागांव/नवप्रदेश। सरकार के रसोई गैस की दाम में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए सीपीआई के कम्युनिस्ट जयप्रकाश नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव, रसोई गैस के सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की एक और बढ़ोतरी किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह बढ़ोतरी, जनता पर बोझ ऐसे समय पर और बढ़ाने जा रही है, जबकि खाने-पीने की तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें, पहले ही लगातार बढ़ रही है।कमर्शियल उपयोग के रसोई गैस सिलेंडर के दाम में इस साल दूसरी बार बढ़ोतरी की गयी है। रसोई गैस की दाम में की गई बढ़ोतरी से तमाम तैयार खानों की लागत बढ़ जाएगी और इससे महंगाई में और इजाफा होगा।नौ साल पहले मोदी सरकार के आगमन पर लोगों को उम्मीद बंधी थी कि सरकार के वायदे के अनुसार देश विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों एवं गरीबों को समाज में समुचित स्थान मिलेगा, भ्रष्टाचार और महंगाई पर लगाम लगेगी और पूरा देश एवं जनता विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे और हमारा देश सचमुच में एक विश्व गुरु बनेगा। मगर मोदी सरकार के पिछले नौ साल का इतिहास बता रहा है कि उनके द्वारा की गई सारी घोषणाएं और विकास के नारे आम जनता, किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों के लिए सबसे बड़े छलावा ही सिद्ध हुए हैं। साल दर साल भारत के किसानों, मजदूरों और नौजवानों के साथ सबसे बड़ा धोखा सिद्ध हुआ है। गरीबी में भारत दुनिया का सिरमौर बना हुआ है। किसान और मजदूर पिछले नौ सालों में और भी ज्यादा गरीब हुए हैं। उनके दुख तकलीफों में महंगाई ने और ज्यादा इजाफा कर दिया है। आजादी के 75 साल बाद भी उन्हें फसलों का न्यूनतम सपोर्ट प्राइस नहीं मिलता, उनकी फसलों की सरकारी खरीद नहीं होती है।

करोड़ों मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं मिलता है। अखबारों की रिपोर्ट बताती है कि भारत के 85 प्रतिशत मजदूरों को मालिकान द्वारा न्यूनतम वेतन भुगतान नहीं किया जाता है। अब तो हालात ये हो गए हैं कि देश के अधिकांश पूंजीपतियों द्वारा श्रम कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है और उनका सरासर उल्लंघन किया जा रहा है जिस वजह से मजदूरों को गरीबी के गर्त में धकेला जा रहा है।

होली में न बजेगा डीजे और न लाउडस्पीकर पर गाना

■ उपद्रव करने वालों पर दर्ज होगी एफ आईआर : गोस्वामी

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जेपी भारतेंदु के मार्गदर्शन में होली एवं शबे बरात को लेकर करंजी चौकी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी एवं संचालन एएसआई मनोज द्विवेदी ने किया। इस दौरान क्षेत्र के दोनों समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी से दोनों पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने व शांति बनाए रखने की अपील की।

इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत होली तथा शब ऐ बरात पर्व को आपसी शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाए। होली जिस प्रकार होली में सभी रंग मिलकर एक नए रंग का निर्माण करते हैं उसी तरह से हम सभी को आपसी मतभेद व क्लेश को मिटा कर नए सिरे से आपसी प्रेम तथा सद्भाव वातावरण में होली पर्व मनाएं। साथ ही होली के दौरान सड़क पर चलने वाले लोगों को जबरन रंग अबीर देने से मना किया गया। होली पर्व पर जो व्यक्ति रंग लगाने के लिए इजाजत नहीं देता है, वैसे लोगों को जबरदस्ती रंग न लगाएं। कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो कार्रवाई किया जाएगा। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप्प, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर भ्रामक चीजें पोस्ट न करें। होली के दिन हमारे द्वारा शांति वातावरण बनाने के लिए व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है किसी प्रकार का कहीं कोई घटना या अपराध ना हो इसकी भी उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि भी प्रशासन के ही अंग हैं। यदि कोई दिक्कत होती है तो उन्हें भी नियंत्रण करने में सहयोग करना होगा। शांति समिति की बैठक में आए सभी से अपने-अपने क्षेत्र में उपद्रवी किस्म के लोगों पर नजर रखने की अपील की गई। सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगोत्सव का का पर्व मनाएं।

होली में डीजे व लाउडस्पीकर पर होगी पुलिस की नजर

दसवीं और बारवीं की बोर्ड परीक्षा चल रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी न हो। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना पूरी तरह वर्जित है। हुड़दंगी करने व डीजे, लाउडस्पीकर बजाने वालों की खैर नहीं होगी। किसी की सिफारिश काम नहीं आएगी, नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक में पूर्व उपसरपंच जहांगीर हसन, पूर्व जनपद सदस्य शंकर राजवाड़े, बाबी सिंह, लखन राजवाड़े, सहजीर खान, क्षेत्रीय पत्रकार अनूप जायसवाल, जनपद सदस्य संतलाल प्रजापति, देवी चरण सिंह, इमरान खान, मुर्तुजा खान, संदीप जायसवाल, ठाकुर राजवाड़े, मुश्ताक अंसारी, भोला शंकर, रामप्रताप प्रजापति, रामसाय पैकरा, राजेश यादव, नितेश सिंह, शेषमन पैकरा, संजय पैकरा, नीलकमल राजवाड़े, सुखलाल यादव उपस्थित रहे।

मनरेगा मेट संघ प्रदेशाध्यक्ष के साथ हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत जिला अध्यक्ष केसर पुजारी के मार्गदर्शन में जिला कोंडागांव के ब्लॉक केशकाल के अंतर्गत सिंघनपुर में गुलाबपारा के गोंडवाना स्कूल मैदान में मनरेगा मेट संघ की होने वाली गतिविधियों पर बैठक हुई सम्पन्न, जिसमें आमंत्रित प्रदेश अध्यक्ष डी के यादव , उपाध्यक्ष राधे कौशिक संध्या मानिकपुरी , नगीना सोम,मनोज कश्यप सुरेश नाग बैठक मे उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष डी के यादव ने छग के अन्तर्गत कोंडागांव जिले के समस्त मेट को सम्बोधित करते हुये रखी अपनी बात मेट संघ की समस्त जिलों का एक मंच बैनर तले संगठित होकर कार्य करने हेतु जानकारी दिया,

अभी वर्तमान छत्तीसगढ़ मे मोबाईल मॉनिटरिंग कि बहुत समस्या आ रही है जो मेट भाइयो को समस्या को झेलना पड़ रहा है,पुराने 2021,22कि मेट भुकतान राशि भी नही हो पाया है, छत्तीसगढ़ मे, मेट लोग मनरेगा कार्य से आधारित है, भुकतान नही होने पर प्रदेश संगठन कि ओर से रोड मे उतरना पड़ेगा,मजदूरों को रोजगार देना सर्वप्रथम मेट का लक्ष्य है उसी के आधार पर सभी को काम करना होगा* , यादव जी ने आश्वस्त करते हुये कहा कुछ जिले संघठन मे पीछे रहने से लाभ नही लिया जा रहा उसको संगठन मे लाने हेतु कुछ संघठन से प्रयास होना अतिआश्यक है, बैठक मे राष्ट्रीय स्तर अध्यक्ष मंगल नायक से प्रांत अध्यक्ष डीके यादव ने मोबाईल सम्पर्क के माध्यम से चर्चा करके राष्ट्रीय लेवल जानकारी के साथ आने वाले समय मे छत्तीसगढ़ के रायपुर राजधानी में प्रदेश स्तर पर विशाल मेट सम्मेलन कराने हेतु जानकारी दिया,जिसमें राष्ट्रीय स्तर पदाधिकारी भी होंगे शामिल मेट संघ की समस्या को लेकर, सांसद मंत्री परिषद केंद्र सरकार तक पहुंचने के लिये सभा मे होगा निर्णय होने कि बात रखी, राधे कौशिक प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष कांकेर ने संघठन को मजबूति प्रदान करने हेतु भरोसा दिलाये,जिसमें कोंडागांव जिले के जिलाध्यक्ष केसर चंद पुजारी, एवं जीतेन्द्र सेठिया ने आये हुये अतिथि प्रदेश पदाधिकारी का आभार ब्यक्त करते सभी मेट साथियो को धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्यूज गैलरी

12वीं अंग्रेजी की हुई परीक्षा, 98% परीक्षार्थी उपस्थित

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा अंतर्गत 03 मार्च को अंग्रेजी विषय का परीक्षा सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा जी.पी. भारद्वाज ने बताया कि जिले में कुल पंजीकृत विद्यार्थी 14422 हैं, जिनमें से 14106 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी। इस प्रकार 98 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी परीक्षा केंद्रो में शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हुआ। परीक्षा में निरीक्षण के दौरान कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया।

मोदी केयर महिलाओं को उपलब्ध कराएगा रोजगार

कोरबा/नवप्रदेश। बढ़ती महंगाई के दौर में जहां खर्च और ख्वाहिशें हर किसी की बढ़ी हुई है। हम सब जानते हैं कि रोजगार की इतनी किल्लत है तो प्रतिस्पर्धा भी बहुत ज्यादा है, जिसका सामना करना हर किसी के बस की बात नहीं है। लेकिन प्रतियोगिता क्रैक कर जॉब में जा सकते हैं। डायरेक्ट सेलिंग मोदी केयर से महिलाएं आर्थिक आजादी के साथ आत्मनिर्भर हो रही है। उक्त बातें आर्थिक आजादी संस्था के प्लेटिनम डायरेक्टर मनीषा साहू ने प्रेस क्लब तिलक भवन में कही। उन्होंने कहा कि मोदी केयर के माध्यम से महिलाओं को रोजगार का एक माध्यम प्रदान किया जा रहा है। महिलाएं घर पर रह कर या फिर फील्ड पर जाकर अपने परिवार व बच्चों का ध्यान रखते हुए घर खर्च में भागीदारी सुनिश्चित करना चाहती हैं उन्हें आमंत्रित किया जाता है। ऐसी महिलाएं आएं और अपनी मोबाइल की मदद से खाली समय में इस बिजनेस को करें। इससे उनका सुनहरा भविष्य बन सकता है। वे रोज की परेशानी से निजात पा सकती हैं। साहू ने कहा कि इसके लिए मोदी केयर के संस्थापक समीर मोदी ने बेहतर मंच प्रदान किया है। प्रेस वार्ता में संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

भारी वाहनों के गुजरने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

कोरबा/नवप्रदेश। दिन के समय नो एंट्री के बावजूद भी एसईसीएल कॉलोनी के बीच से मुड़ापार बाईपास रोड पर भारी वाहन गुजर रहे हैं, ज्यादा गंभीर चिंता तो इस विषय की है की नो एंट्री के समय ही विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों का भी समय रहता है तथा आजकल विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी चल रही है, जिससे कभी भी किसी बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है । इसी गंभीर विषय को लेकर कोरबा एसपी के नाम एडिशनल एसपी कोरबा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री संदीप सहगल, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष तालम राठिया, मंडल पदाधिकारी साहू तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आरटीई में प्रवेश के लिए 6 से आवेदन

कोरबा/नवप्रदेश। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 06 मार्च से ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल शुरू हो जाएगा। निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी के पालकगण 10 अप्रेल 2023 तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जी. पी. भारद्वाज ने बताया कि पालकगण कम्प्युटर सेंटर, च्वाईस सेंटर या स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकते हैं। जिले के निजी स्कूलों में रिक्त सीटों की जानकारी स्कूलवार कोरबा जिले के वेबसाइट में अपलोड किया गया है। पालकगण अपने बच्चों की भर्ती के लिए पोर्टल में अपने नजदीकी स्कूल का चयन कर सकते हैं। आवेदन में एक से अधिक स्कूल चयन भी किया जा सकता है। आवेदक अधिकतम तीन स्कूल का चयन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निःशुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम का लाभ लेने के लिए पालकों से अपने बच्चों का आवेदन करने की अपील की है।

शांति समिति की हुई बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। होली पर्व को लेकर थाने में तहसीलदार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द्र भाईचारे का पर्व है परंतु कुछ लोगों के कारण माहौल बिगड़ जाता है। जिससे पव भी प्रभावित होता है। लोगों को पर्व मनाने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए पुलिस मुस्तैद है। होली की पूर्व संध्या से ही पुलिस गश्त करेगी। इतना ही नहीं दुपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले, प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले, मुखौटा लगाकर और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पर्व को लेकर पुलिस प्रमुख जगहों में पुलिस गश्त करती रहेगी। होली के दौरान किसी भी व्यक्ति को उसकी मर्जी के खिलाफ रंग लगाने पर भी कार्रवाई की जाएगी।नगरपालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि इस दिन जलापूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। विद्युत और स्वास्थ्य विभाग की टीम सतत नजर रखेगी। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला शैलेश पाठक स्वतंत्र मिश्रा दिलीप बंजारा रूपचंद कोसले सहित मुस्लिम समुदाय एवं जनप्रतिनिधि और प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग उपस्थित रहे।

बिहान के हसदेव ब्रांड को बाजार में मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

कोरबा/नवप्रदेश। बिहान के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों से संबंधित हसदेव ब्रांड कोरबा जिला के साथ ही राज्य में अपनी पहचान बना रहा है। एक वर्ष से भी कम समय में लाखों रुपये का व्यवसाय करके हसदेव ब्रांड बिहान के उत्पादक समूहों में विशिष्ट स्थान हासिल कर चुका है। पहले स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद पहचान न होने के कारण बाजार प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना कर रहे थे। परंतु अब ये उत्पाद किसी पहचान के मोहताज नहीं है। हसदेव नाम ही उत्पादों की पहचान है। बिहान के विभिन्न स्वसहायता समूह द्वारा हल्दी, मिर्च, मसाला, चप्पल, एलईडी बल्ब, शहद, साबुन, अगरबत्ती, हैंडवास, फिनायल, आर्टिफिशल ज्वेलरी, आचार, पापड, बडी, सुगंधित, चांवल, दालें एवं अन्य वस्तुओं का निरंतर उत्पादन किया जा रहा है। इन उत्पादों को हसदेव का नाम मिलने से सहज रूप से खुले बाजारों में तथा संस्थाओं में आपूर्ति की जा रही है। ये उत्पाद गुणवत्तापूर्ण होने के साथ ही अन्य चर्चित ब्रांड के उत्पादों की कीमत से कम हैं। अतः इन्हें जनसामान्य से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को यह उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु शहर में स्थित सीमार्ट के माध्यम से भी विक्रय किया जा रहा है। सीमार्ट के माध्यम से करीब 5 लाख रूपये का व्यवसाय किया जा चुका है। बिहान स्वसहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकानों के माध्यम से हसदेव ब्रांड के उत्पादों का निरंतर विक्रय किया जा रहा है।

मनरेगा से बारात बाई की बंजर भूमि को मिला नया जीवन

- **डबरी में मछली पालन कर कमा रहीं मुनाफा**
- **आर्थिक मजबूती से बढ़ा आत्मविश्वास**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा ब्लॉक के छोटे से गांव बारीडीह की बारात बाई गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। आर्थिक रूप से मजबूत होकर परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभा रही है। उनकी सफलता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना की महती भूमिका है। इस योजना से उनके खेत में डबरी निर्माण का कार्य हुआ है। डबरी में मछली पालन से उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है, जिससे परिवार की जरूरतें आसानी से पूरी हो जा रही है।

बारात बाई ने बताया कि एक बंजर भूमि के लिए पानी अमृत के समान होता है। गांवों के अधिकांश ग्रामीण सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर ही निर्भर रहते है। राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के तहत किसानों के भूमि पर डबरी निर्माण करके जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर जन-जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूमि के नाम पर बंजर जमीन थी, जिस पर खेती करना, रेत से पानी निकालने के समान था। खेती के लिए केवल भूमि ही जरूरी नहीं होता। इसके साथ फसल उत्पादन के लिए भूमि उपजाऊ भी होनी आवश्यक है। खाली पड़ी बंजर जमीन का हमारे लिए कोई उपयोग नहीं था। बंजर भूमि के कारण आर्थिक स्थिति में सुधार का विकल्प भी नहीं था। वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा के तहत उनकी बंजर भूमि पर डबरी निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ। डबरी बन जाने से उनके जीवन में एक उम्मीद की किरण दिखाई दी। उन्होंने इस मौके को अपनी सफलता की दिशा की ओर मोड़ते हुए डबरी में मछली पालन का कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि डबरी निर्माण से उन्हें आय का स्त्रोत तो मिला हीं साथ ही उनकी शेष बंजर भूमि भी डबरी निर्माण से उपजाऊ हो रही है। जिस पर उन्होंने फसल भी लगाना प्रारंभ कर दिया है। अब उनकी आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। बारात बाई ने अपनी सफलता का श्रेय शासन की मनरेगा योजना को देते हुए बताया कि योजना से उनकी बंजर भूमि को अब नया जीवन मिल गया है।

धोखाधड़ी में फरार आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। लंबे समय से फरार धोखाधड़ी एवं कर्जा एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। आरोपी सेवक कुमार डहरिया को लालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध थाना लालपुर में धारा 420, 506 भादवि एवं 3,4 कर्जा एक्ट का अपराध पंजीबद्ध था। ब्लैंक चेक पर राशि भरकर चेक बाउंस कराकर प्रार्थी को प्रताड़ित किया था।

थाना लालपुर में 22 जून 2022 को ग्राम बरियारपुर थाना लालपुर निवासी प्रार्थी संजय कुमार अनंत रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी सेवक कुमार डहरिया द्वारा प्रार्थी को 250000 रुपए के हिसाब से 2 बार ब्याज पर राशि दिया था, जिसके लिये आरोपी ने प्रार्थी का ब्लैंक चेक अपने पास रखा था। प्रार्थी द्वारा पूरी राशि आरोपी को भुगतान कर देने के बाद भी आरोपी ने उसके ब्लैंक चेक में 850000 रुपए की राशि भरकर बैंक में बाउंस करा दिया कि रिपोर्ट पर आरोपी सेवक कुमार डहरिया के विरूद्ध थाना लालपुर में धारा 506 भादवि 3,4 कर्जा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा धोखाघड़ी का अपराध घटित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 420 भादवि जोड़ी गई। प्रकरण में आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसकी न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना मिलने पर तत्काल न्यायालय परिसर में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

होली को लेकर सज रहा बाजार, निगम की चेतावनी पार्किंग व्यवस्था खुद संभाले

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली पर्व को अब कुछ ही दिन शेष रह गया है, ऐसे में होली बाजार के रूप में रंग गुलाल के साथ ही पिचकारी बाजार लगना शुरू हो गया है। इस बार कम्पनी गार्डन के सामने के साथ ही बेहतर विकल्प के रूप मे देवकीनंदन स्कूल मार्ग पर भी अस्थाई होली बाजार लगना चालू हो गया है। आने वाले सोमवार तक पूरा बाजार सजकर तैयार हो जाएगा।

वैसे तो शहर के कई क्षेत्रों में छोटे बड़े होली बाजार लगते हैं, जहां पर रंग गुलाल व विभिन्न प्रकार के पिचकारियों की जमकर खरीदारी होती हैं। इसमे मुंगेली नाका चौक, तिफरा, गोलबाजार, पुराना बस स्टैंड चौक, सिंधी कालोनी मार्ग, सरकंडा क्षेत्र में बाजार सजता है, लेकिन होली का मुख्य बाजार कम्पनी गार्डन के सामने लगता है। वही अब इस बाजार का विस्तार भी होने लगा है। ऐसे में यह बाजार फैलकर देवकीनंदन स्कूल मार्ग पर भी पहुच गया है। जो मुख्य मार्ग का साइड रोड है, ऐसे में यहां पर बाजार संचालित होने से मुख्य मार्ग के यातायात कम प्रभावित होगा। हालांकि नगर निगम ने साफ चेतावनी दी है कि सड़क की हद देखते हुए बाजार लगाए, साथ ही पार्किंग की व्यवस्था खुद ही करे, ऐसा करने वाले किसी भी तरीके से कार्यवाही के दायरे में नहीं आएंगे।

बाजार मे नजर आ रहे स्वदेशी पिचकारी व रंग गुलाल

इस बार के होली बाजार में स्वदेशी रंग गुलाल के साथ पिचकारी नजर आ रहे है। इस बार होली बाजार में भी चाइना सामान से दूरी बनाई जा रही है। ऐसे इस बार की होली में हर्बल रंग गुलाल और देश में बने पिचकारी से होली खेली जाएगी।

चीन के नेताओं का देश में सरकार ने किया स्वागत, कांग्रेस ने किया विरोध

मुंगेली/नवप्रदेश। चीन के नेताओं का देश में मोदी सरकार द्वारा स्वागत किए जाने के विरोध में नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के पास महिला कांग्रेस द्वारा गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा के नेतृत्व में दिल्ली पहुंची। देशभर की चुनिंदा के महिला कांग्रेस नेत्रियों ने प्रदर्शन में भाग लिया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूजा द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री नई दिल्ली गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने भी इस प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाई। रत्नावली कौशल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी संसद के अंदर और बाहर भी मोदी सरकार को चीन के बुरे इरादे के संबंध में लगातार आगाह करते आ रहे हैं। बावजूद इसके मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपना रही है। गुरुवार को ही जी-20 के सम्मेलन में भाग लेने भारत आए चीन के विदेश मंत्री का मोदी सरकार ने ग्रैंड वेलकम करके यह जता दिया है कि गलवान में देश के जवानों की शहादत और भारतीय जमीन पर चीनी कब्जे को लेकर मोदी सरकार को जरा भी मलाल नहीं है।

अवैध रेत खनन करने वाले दो ट्रैक्टर जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। लोरमी ब्लाक के नवागांव जैत में अवैध रेत खनन व परिवहन के मामले में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। एसडीएम पार्वती पटेल के निर्देशन पर लोरमी क्षेत्र में अवैध रेत खनन व परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व विभाग की टीम द्वारा नवागांव जैत के नदी में चल रहे अवैध खनन के बाद परिवहन करने वाले दो ट्रैक्टर सहित 142 ट्राली डंप रेत को जब्त किया गया है। जब्त रेत और ट्रेक्टरों को माइनिंग विभाग को सुपुर्द किया जाएगा। जिनके द्वारा नियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर राहुल देव ने जिले में अवैध रेत खनन व परिवहन के मामले में सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अवैध रेत खनन व परिवहन के मामले में शासन के नियमानुसार संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में यह कार्यवाही की गई।

हितग्राहियों को मिला आबादी जमीन का पट्टा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस शासनकाल में ही सर्वहारा वर्ग की भलाई हो सकती है। जब देश में स्व. इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, तब उन्होंने गरीबों के लिए इंदिरा आवास समेत कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की थीं, लेकिन सत्ता पाते ही भाजपा ने सभी योजनाओं को बंद कर दिया था। अब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आते ही सीएम भूपेश बघेल उनके राह पर चल रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आप लोगों को आबादी जमीन का मालिकाना हक मिल रहा है।

ये बातें महापौर रामशरण यादव ने शुक्रवार को जोन क्रमांक सात राजकिशोर नगर के सामुदायिक भवन में आयोजित पट्टा वितरण कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर मेयर रामशरण यादव व सभापति शेख नजीरुद्दीन ने चिल्हाटी, मोपका और राजकिशोर नगर के 123 हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आबादी जमीन का मालिकाना हक दिया। मेयर रामशरण यादव ने आगे कहा कि जब से प्रदेश में सीएम बघेल की सरकार आई है, तब से वे सर्वहारा वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद यहां 2018 तक अन्य सरकारें थीं, लेकिन किसी ने गरीबों का ख्याल नहीं किया। 2018 में कांग्रेस की सत्ता आते ही पहली बार यहां छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री बघेल बनें।

समान्य सभा की बैठक में पानी, बिजली, सड़क का उठा मुद्दा

- **सभापति ने ग्रामीण क्षेत्र के समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों को दिए निर्देश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत में 1 मार्च को सामान्य सभा की बैठक हुई बैठक में कई मुद्दों, मांगों और समस्याओं को लेकर विभागों से चर्चा हुई, बैठक में मुख्य रूप से सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा विभाग का मुद्दा उठाया गया। जिला सभापति अंकित गौरहा ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता और गंभीरता से रखते हुए निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोकनिर्माण विभाग द्वारा पौंसरा और हरदीकला में बनाई गई जर्जर सड़क का मुद्दा सदन में गूंजा जिला सभापति ने भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत उरतुम से लगरा की सड़क के मरम्मत के लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

सभापति गौरहा के प्रयास से जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पौंसरा-सेमरताल माइनर में साफ-सफाई की गई है एवं लगरा एनीकेट में मेड़ बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा गया है व लगरा उरतुम के जर्जर गेट का मरम्मत कार्य भी जल्द ही पूर्ण हो जायेगा।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने जिला शिक्षा अधिकारी को बताया कि लिमतरी प्राथमिक शाला में शिक्षक निर्धारित समय में स्कूल नहीं पहुंच रहें हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है,ग्राम बसिया में हेडमास्टर और शिक्षकों की कमी के साथ एक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की बात भी कही। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित पौंसरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स की कमी और हरदीकला उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिसिन रूम की आवश्यकता की बात भी कही।

आंबा कार्यकर्ताओं की मांगों का जिपं सदस्य ने किया समर्थन

मुंगेली/नवप्रदेश। जनवरी से अपनी मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने धरना स्थल पहुंचकर उनकी मांगों को जायज बताते हुए समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के बाद कांग्रेस सरकार अपने किये गये वादो को भूल गई है। प्रदेश सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगो को पूरा करें।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इनमें शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिये जाने तक आपके जन घोषणा पत्र में किये गये घोषणा के अनुसार कलेक्टर दर दिया जाये, प्रदेश के आंगनबाड़ी के रिक्त पदों को तत्काल जाये व आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ताओ एवं कार्यकर्ताओं को सुरपरवाइजर पद पर शतप्रतिशत पदोन्नति प्रदान किया जाये, विभागीय भर्ती सेवा नियम में संशोधन किया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राइमरी स्कूल के शिक्षक के रूप में दर्जा एवं वेतन दिया जाये, मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी किए जाने सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। होली त्यौहार में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना प्रभारी फास्टरपुर केसर पराग द्वारा शांति समिति एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक लेकर होली त्यौहार शांति पूर्वक मनाने आवश्यक जानकारी दी। बैठक में होली में सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई।

थाना फास्टरपुर परिक्षेत्र के शांति समिति, जनप्रतिनिधि, ग्राम कोटवार एवं ग्रामीणों का थाना में बैठक आहूत कर नायब तहसीलदार सेतगंगा अंकित सिंह राजपूत की उपस्थिति में बैठक लेकर अपराध संबंधी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि वर्तमान में हो रहे सायबर ठगी, यातायात महिलाओं संबंधी अपराध अभियव्यक्ति ऐप हमर बेटी हमर मान की जानकारी दी गई। आगामी होली पर्व को लेकर आसामाजिक तत्वों और संदिग्ध लोगो के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना देने एवं होली में नशे का सेवन न करें, ट्रिपल राइडिंग न करें, शराब पीकर हुड़दंग न मचाएं साथ ही बिना सहमति के किसी पर जबरदस्ती रंग लगाकर उसे दुखी एवं तनाव उत्पन्न न करें। अपनी होली मनाने में दूसरों की होली खराब न करे। होली में सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखें, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में हमारा सहयोग करने अपील किया गया। शांति समिति के बैठक में थाना प्रभारी फास्टरपुर केसर पराग एवं समस्त स्टाफ, नायब तहसीलदार अंकित सिंह राजपूत थाना परिक्षेत्र के लगभग 40-45 ग्रामों के सरपंच, पंच, ग्राम कोटवार एवं ग्रामिण उपस्थित रहें।

कबाड़ियों का कारोबार तेजी के साथ फल-फूल रहा

मुंगेली/नवप्रदेश। एक तरफ जहां जिला पुलिस जुआ सट्टा, शराब, गांजा सहित अवैध कारोबार के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं। वही दूसरी ओर कबाड़ियों का कारोबार तेजी के साथ फल-फूल रहा है। पूर्व में पुलिस ने एक दो स्थानों पर धर-पकड़ की कार्यवाही भी की है। लेकिन वह भी औपचारिकता कार्यवाही के रूप में सिमट कर रह गई है।

जिले में लगभग 8-10 ऐसे बड़े कबाड़ के कारोबारी हैं, जो कई वर्षो से इस कार्यो में लगे हुए है। जरहागांव बरेला में मुख्य मार्ग के समीप बड़े कबाड़ के कारोबारी हैं। शहर सहित लोरमी, पथरिया, वनांचलो एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे भी यह कारोबार अपनी पांव पसार चुका है। गत दिवस सिटी कोतवाली क्षेत्र में लगातार केबल वायर चोरी की शिकायत मिल रही थी, जिसके कारण क्षेत्र में कबाड़ी का धंधा करने वालों के ऊपर लगातार नजर रखते हुए 26 फरवरी को आवासपारा रामगढ़ में अवैध रूप से संचालित कबाड़ दुकान में दबिश देकर आरोपी के कब्जे से केबल वायर, एल्युमिनियम, डालडा, पीतल, वाहनों की बैट्री आदि 3 लाख 50 हजार रूपए का कबाड़ जब्त किया गया था। हाल ही में पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान से ऐसा लग रहा था कि कबाड़ के कारोबार पर पुलिस नियंत्रण पा लेगी। लेकिन जिले में ऐसा नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में ही देखे तो बरेला स्थित मुख्य मार्ग पर बहु चर्चित कबाड़ी की अवैध कारोबार को खुले आम अंजाम दे रहा है। पूरा कबाड़ सड़क से लेकर पीछे तक फैला रहता है। इसी तरह शहर के दर्जन भर से अधिक स्थानों पर कबाड़ का काम खुलेआम चलते रहता है। फास्टरपुर में भी सुबह से देर रात तक कबाड़ी काम बे-रोक-टोक चल रहा है। इन स्थानों में पुलिस जांच भी नहीं करती। जिले सहित आसपास गांव भी चोरी की माल खरीदने और बेचने वालों की लंबी लिस्ट है। पुलिस विभाग द्वारा बीच-बीच में कबाड़ियों के यहां छापेमारी कार्यवाही की जाती है। समान की जब्ती भी की जाती है। लेकिन चोरी के समान की कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से नहीं की जाती। लोगों का मानना है कि पुलिस कबाड़ियो के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाये तो लोगों को राहत मिलेगी।

रात में हो रहा था रेत का अवैध परिवहन ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। रेत खदानों के आवंटन के लिए नए नियम के चक्कर में जिले के रेत खदानों का आवंटन नहीं हो सका है। इस कारण अब शहरी.उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रेत तस्कर सक्रिय हो गए हैंए जो रात के अंधेरे में नदी.नाला के किनारे से रेत खनन कर ट्रैक्टर.ट्रॉली के जरिए अवैध परिवहन कर रहे हैं। रात से लेकर सुबह तक अंधेरे में रेत का अवैध कारोबार चलता है, लेकिन न तो खनिज विभाग कार्रवाई कर रही है और न ही प्रशासनिक व पुलिस अमला, जबकि शहर के भीतर ही खुलेआम रेत का अवैध परिवहन हो रहा है।

रातभर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सड़क पर रेत परिवहन करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में खपाया जाता है। आउटर में कुदुरमाल के पास हसदेव नदी के किनारे से रेत खनन और परिवहन चल रहा है, जहां गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात अवैध रेत परिवहन में लगे ट्रैक्टर.ट्रॉली के बेकाबू होकर पलटने से चालक गौतम कुमार धनुहार 26 निवासी परसाभवना की मौत हो गई। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

एनजीटी की गाइडलाइन के आधार पर मानसून लगते ही 16 जून के आसपास नदी-नाला किनारे से रेत खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा।

महिला दिवस पर खेल का आयोजन

सूरजपुर/नवप्रदेश। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा निर्देशित तथा सूरजपुर कलेक्टर इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम के सफल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर जिले के पंडित रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बालिका महिलाओं के लिए 28 फरवरी से 4 मार्च 2023 तक खो-खो तथा 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय के प्राचार्य एच.एन. दुबे, महिला बाल विकास से इंदिरा चौबे, जिला खेल अधिकारी आरती पांडे, प्रभारी खेल अधिकारी शबाब हुसैन, वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रतिभा कश्यप एवं डॉ. विनोद साहू उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर पिंकी राजवाड़े, द्वितीय प्रीति सिंह एवं तृतीय नंद कुमारी रही। टीम गेम के रूप में खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंडित रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर एवं द्वितीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर की बालिका टीम रही। इस अवसर पर अतिथियों ने महाविद्यालय के छात्राओं एवं खिलाड़ियों को महिला सुरक्षा, लीव इन रिलेशनशिप, साइबर क्राइम, समाज में भागीदारी एवं महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर चर्चा करते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापिका रश्मि पांडे एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी खेल अधिकारी शबाब हुसैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजकुमार नायक, सहदेव राम रवि, पंकज डोंगरे, महेंद्र सिंह, अरविंद कुमार खेस्स सहित जिला प्रशासन सूरजपुर, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास आदि का विशेष सहयोग रहा।

समस्याएं नहीं हुई दूर, अब कलेक्ट्रेट का घेराव

नगरी/नवप्रदेश। सीतानदी अभ्यारण संघर्ष समिति क्षेत्र रिसगाव, करही, खलारी, फरसगाव पंचायत के नागरिकों द्वारा क्षेत्र के प्रमुख विभिन्न मांगो को लेकर 28 /2/2023 को कलेक्टर धमतरी मे ज्ञापन सौंपा गया था दिन शुकवार को जिसके संबंध में एसडीएम कार्यालय नगरी में समीक्षा बैठक बुलाई गई थी जिसमें वन विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, पीएचई विभाग, जनपद पंचायत नगरी के अधिकारी केसाथ सभी मांगों पर चर्चा कर समाधान करने की बात स्छरूगीता रायस्त के के बीच चार्चा किया गया साथ स्‍ छरूद्वारा आश्वासन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से उमेश देव जनपद सदस्य, बीरबल पदमाकर जनपद सदस्य, भगवान नाग अध्यक्ष संघर्ष समिति, सरपंच रिसगाव, संरपच करही, खालरी संरपच, फरसगाव, तथा .संघर्ष समिति के नागरिक गण उपस्थित रहे जो कि धमतरी जिले के अंतिम छोर वना अंचल क्षेत्र के लोगो को आजादी के 75 साल बाद भी पूरी मूलभूत सीधा नहीं मिल पा रही है जिसके कारण क्षेत्र वासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है मूलभूत समस्या के निराकरण के लिए कई बार क्षेत्र के द्वारा अवैधानिक नियमों के तहत शासन प्रशासन के साथ आवेदन करते आ रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा हमेशा सौतेला व्यवहार किया जा रहे हैं इसके लिए बार-बार मूलभूत सुविधा एक अधिकार लेने अवैधानिक तरीके से ट्रैक्टर रैली संघर्ष समिति ग्राम पंचायत रिसगांव करही खलारी परस गांव के लोगों किया जाना था उन्होने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं होता है तो विधानसभा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। जिसमें मुख्य मांगे हैं अभ्यारण क्षेत्र के चारों पंचायत में बिजली की व्यवस्था तत्काल की जावे अरसी कन्हार प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्य गहनासियार से प्रधानमंत्री सड़क योजना क्षेत्र में आभ्यरण क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों पुन चालू किया जाये। रिसंगाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण चारो पंचायत मे नलजल योजना के तहत का टंकी निर्माण सभी गांव में चौक चौराहा में हाई मास्क सोलर लाईट सभी गांव नेटवर्क की सुविधा ग्राम पंचायत फरसगांव ईश्वर नेताम को तुरत रिहा किया जावे।

जिसमे संघर्ष समिति ग्राम करही खलारी फरसगांव संयोजक परमात्मा कश्यप अध्यक्ष भगवान सिंह नाग उपाध्यक्ष ईश्वरलाल सोरी सचिव सुभाष सिंह अग्रवाल सचिव भोजराज गुरु कोषाध्यक्ष धनेश राम मरकाम प्रेस प्रतिनिधि गजेंद्र पद्माकर संत नेताम सलाहकार जय लाल सोरी पंचशील कश्यप प्रदीप मरकाम हिम्मत नेताम कार्यकारिणी सदस्य मोतीराम को राम राम लाल मंगलू राम नाथ एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

केमिकल नहीं इस बार फूलों से बनी हर्बल गुलाल से मनेगी होली

■ **कंचन महिला कलस्टर संगठन तैयार कर रहा हर्बल गुलाल**

कांकेर/नवप्रदेश। महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने की सरकार की सोच सचमुच सच होता दिख रहा है। अब गांव की महिलाएं भी अलग अलग समूह बनाकर लाखो कमाकर अपना भरण पोषण करती नज़र आ रही है।

होली के त्योहार में कैमिकल युक्त गुलाल से लोगो को साइड इफेक्ट्स होते थे। लेकिन समय के साथ रंग गुलाल में भी बदलाव देखने को मिल रहा है।

शहर से लगे बारदेवरी की कंचन महिला कलस्टर संगठन की महिलाओं द्वारा हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है। बिहान समूह से जूड़ी संगठन की महिलाएं बीतें पांच वर्ष से होली के लिए हर्बल रंग तैयार करने की कार्य कर रही है। महिलाओं द्वारा पलाश, गेंदा, गुलाब के फूल तथा चुकंदर व पालक भाजी से रंग-बिरंगी हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है।जिसके लिए बाजार सज कर तैयार है। बाजार में मिलने वाले कैमिकल युक्त रंगों से हटकर संगठन की महिलाओं द्वारा हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है। बारदेवरी के कंचन महिला कलस्टर संगठन की महिलाएं पालक भाजी से हरा रंग।गुलाब के पंखुड़ी से लाल रंग गेंदे और पलाश के फूल से पीला रंग तथा चुकंदर व कच्चे हल्दी से रंग-बिरंगी हर्बल रंग तैयार कर रही है। बिहान समूह से जुड़कर संगठन की महिलाएं बीतें पांच वर्ष से हर्बल रंग तैयार करने का कार्य कर रही है। बीतें एक माह में महिलाएं तीन क्विंटल हर्बल रंग बेच चुके है। बाजार में मांग अधिक होने पर दो क्विंटल हर्बल रंग तैयार किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन बिहान समूह के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं को हर्बल रंग तैयार करने प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष 2019 से कंचन महिला कलस्टर संगठन की महिलाएं हर्बल रंग तैयार कर रही है। वर्ष 2019 में एक क्विंटल हर्बल रंग तैयार किया गया था। वर्ष 2020 में दो क्विंटल रंग तैयार कर बेचा गया। हर्बल रंग की बाजार में मांग बढ़ने के साथ पांच वर्ष में इनका उत्पादन पांच क्विंटल तक पहुंच चुका है। महिलाओं द्वारा तैयार हर्बल रंग की कीमत 200 रूपयें प्रति किलों के दर से बाजार में उपलब्ध है। कंचन कल्स्टर संगठन की महिलाओं ने बताया कि हर्बल रंग तैयार करने प्रति क्विंटल छःहजार रूपयें की लागत आती है। वही प्रति क्विंटल 20 हजार रूपयें की दर से बेचा जाता है। जिससे प्रति क्विंटल 14 हजार रूपयें की आमदनी होती है। जिलें के सभी विकासखंडों के कुल 9 महिला स्व सहायता समूह द्वारा हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है।बिहान समूह के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता प्रसाद ने बताया कि स्व. सहायता समूह के महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हर्बल रंग पूर्णता शुद्ध है। इसमें किसी तरह का कोई रसायनिक पदार्थ नही मिलाया गया है। जिससे चेहरे को नुकसान पहुंचे। महिलाओं के आजीविका मिशन के तहत स्व. सहायता समूह की महिलाओं से हर्बल रंग तैयार करवाया जा रहा है। जिला प्रशासन के उपक्रम सी-मार्ट में हर्बल रंग उपलब्ध है।

रहस्मय ढंग से लापता दंपती सहित बच्चों का पुलिस को मिला सुराग

■ **पड़ोसी जिले के लॉज में रुका था परिवार, पुलिस की पांच टीम जांच में जुटी है**

> दंपति के खोजबीन के लिए 5 सदस्यीय टीम गठित की गई है परिवार 1मार्च को धमतरी के एक लॉज में रात 8.30 बजे चेक इन किया था फिर सुबह 8.46 को फिर से लॉज से बाहर निकले और 9.30 को फिर वापस लाज पहुंचे लॉज के एक प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि पत्नी और 2 बच्चे को सुबह 10 बजे लॉज से बाहर जाते देखा गया था पुलिस लापता चारों लोगों की तलाश में जुटी हुई है।
>
> **शलभ सिन्हा, पुलिस अधीक्षक**

कांकेर/नवप्रदेश। बुधवार की दरमियानी रात चारामा-कोरर मार्ग पर कार में आग लगने के बाद से रहस्मय ढंग से पखांजूर के दंपती सहित दो बच्चे लापता हो गए थे। आगजनी कार में किसी प्रकार कोई अनहोनी के निशान नही मिलने से मामला और पेचीदा हो गया। लापता लोगों के खोजबीन के लिए कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने 5 सदस्यी टीम गठित कर खुद इस पूरी घटना पर नज़र बनाए हुए थे।

एसपी की बनाई पांच सदस्यीय टीम अलग अलग जगहों पर पतासाजी में जुटी रही।

इधर लापता लोगो के अब तक नही मिलने से पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा था।

शनिवार को इस मामले पर एक नया मोड़ सामने आया है।कांकेर पुलिस को अहम सुराग मिले हैं पुलिस के मुताबिक कार में आग लगने के बाद लापता समीरन सिकदार, उनकी पत्नी और दो बच्चे धमतरी के होटल आशियाना में 1 मार्च की रात रुके थे।2 मार्च की सुबह 8 बजे होटल छोड़ा है।पुलिस चारों की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि बुधवार की रात चारामा-कोरर मार्ग पर कार में आग लगने के बाद से रहस्मय ढंग से पति-पत्नी समेत दो बच्चे लापता हो गए हैं इसके बाद ही रहस्मय ढंग से लापता लोगों के खोजबीन के लिए कांकेर एसपी ने 5 सदस्यी टीम गठित की है इस मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।बताया जा रहा कि समीरन और उनका परिवार धमतरी के एक लॉज में 1 मार्च को रुका था. पत्नी और 2 बच्चे के साथ लॉज में 1 मार्च की रात 8.30 बजे चेक इन किया था।

वनों को आग से बचाने हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक का मंचन

■ **जंगल को आग से बचाने नुक्कड़ नाटक कर दे रहें न संदेश**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर वन मण्डल अंतर्गत प्रत्येक हाट-बाजारों के नुक्कड़-नाटक का मंचन करके लोगों को आग से वनों को बचाने जागृत किया जा रहा है। ग्रीष्मकाल के प्रारंभ होते ही वन क्षेत्रों में वनों में लगने वाले आग या दावानल, कई दशकों के लिए पर्यावरण तथा प्रकृति के संतुलन को खत्म कर देती है। इसी कड़ी में वनों एवं वन्य प्राणियों को आग से बचाने के लिए लोगों को जागृत किया जा रहा है, जिससे जनमानस के बीच वनों में लगने वाली आग के प्रति सजगता एवं पर्यावरण को बचाने का संदेश फैलाया जा सके। ग्राम ठेलकाबोड़ के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला लोकादर्पण के माध्यम से नाटक मंचन के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मंचन के दौरान वन विभाग कांकेर के अधिकारी-'कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में सर्वाधिक पदक एवं युवोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाले तथा युवा उत्सव में उत्कृश्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 121 खिलाड़ियों को आज जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। विजेता खिलाड़ियों को जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, नगर पालिका परिशद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, जनपद पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन, कलेक्टर कांकेर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया।

विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमन्त ध्रुव ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि कांकेर जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया खेल विलुप्त हो रहे थे, जिसे उन्होंने पुनर्जीवित किया है। गांवों मे फिर से छत्तीसढ़िया खेल शुरू हो गये हैं, भौंरा, बांटी, फुगड़ी, गिल्ली-डंडा जैसे खेलों में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गांवों में खेल का माहौल बना, जिसे बनाये रखना है। महिलाओं ने पूरे कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कांकेर जिला खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अग्रणी हो तथा खेल के साथ पढ़ाई में उपलब्धि हांसिल करें।

नगर पालिका परिशद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने जिले का नाम रौशन किया है, जिससे हम गौरवांन्वित हुए हैं। सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्होंने उनके उज्जवल भविश्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि कांकेर जिले ने छत्तीसगढ़िया ओलंम्पिक में पूरे राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त किया है, इससे मुझे बेहद खुशी हुई है। किरण बेदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वह देश की पहले महिला आईपीएस थी। वह पढ़ाई में होशियार होने के साथ-साथ उत्कृश्ट खिलाड़ी भी थीं। खेल आपको न केवल फिट रखती है, बल्कि टीम भावना भी सिखाती है। जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृश्ट प्रदर्शन करें, जो भी सुविधा मिल रही है, उसका फायदा उठाते हुए अपना सर्वश्रेश्ठ प्रदर्शन करे, जहां भी रहें, अच्छा करें। आगे बढ़ना चाहते है, तो कोई भी ताकत हमें रोक नहीं सकती। ऐसे काम करें कि लोग हमे याद रखें।

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202103160100024
अ-21/2022-23 ग्राम- कतियाररास

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीतू हरित पिता बी.ए. हरित उम्र 42 वर्ष जाति चमार निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास प.ह.नं. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 263/13 रकबा 0.0400 हे. में से रकबा 0.020 हे. को क्रेता राजेन्द्र कुमार जैन पिता कोजमल जैन उम्र 44 वर्ष निवासी दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/03/2023 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यय से दावा या आपत्ति पेश कर कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 06/02/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202302140400028
अ-6/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुखमिन बाई उर्फ सुकमिन कुरेटी जाति गोड़ निवासी आमापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 सी, प्लाट नं. 3 में से क्षेत्रफल 286 वर्गफुट मकान वार्षिक भूभाटक 429 रु. शंभू राम पि. टासूराम, सुखमिन पति शंभूराम गोड़ (राजीव गांधी आश्रय योजना 1998) नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार शंभुराम की मृत्यु दिनांक 19.09.201 को हो चुकी है। आवेदिका की कोई संतान नहीं है। उक्त भूमि से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखने छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — **नजूल अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर**

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्यपाल के अभिभाषण...

अपने क्षेत्र के एक किसान का नाम बता दें जिसका पूरा खेत गायब हो गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारे हमारे सभी विधायक 10-10 किसानों का नाम आप को देंगे। वहीं बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि झीरम के सबूत पेश नहीं करना भी अपराध है और सीएम कहते थे सबूत हमारे पास है तो इनपर कर्रवाई होनी चाहिए। मगर सबूत पेश नहीं किए गए। प्रदेश में चारा घोटाला की तर्ज पर गोबर और गौ मूत्र घोटाला हो रहा है। शर्मा ने आगे कहा-राज्य सरकार धर्मांतरण का समर्थन कर रही है।

मोदी से मिले ...

में निवेश करते हैं, तो क्या से क्या संभव हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि भारत इस प्रगति को कायम रखेगा और दुनिया के साथ अपने नवाचारों को साझा करेगा।

नारी शक्ति के...

होता है तो इसमें सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। खासकर पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाएं इस समस्या से जूझती हैं और परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करती हैं जिसमें उनका बहुत अधिक समय बर्बाद हो जाता है।

झंडा विवाद में 60...

नेतृत्व में भोरमदेव के पास बाजार चौक राजानवागांव में, गोंगपा कार्यकर्ता मुख्य रुप से मलेश्वर मरकाम, सुखदेव धुर्वे आदि कार्यकर्ता लगभग 450 से 500 की संख्या में एकत्र होकर सभा का आयोजन किया गया। यहां से रैली निकालकर लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम हरमो को निकले, जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा राजानवागांव के बाहर हरमो मार्ग पर बैरिकेड लगाकर रोका गया, किंतु प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ झूमा झटकी करते हुए बेरिकेड को तोड़ते हुए गांव के लिए रवाना हुए बाद ग्राम हरमो पहुंचकर गोगपा जिलाध्यक्ष जे. लिगो के निवास में सभी प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए, यहां से सभी विवादित स्थल के लिए रवाना हुए। विवादित स्थल के पूर्व पुलिस द्वारा बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका गया। किंतु प्रदर्शनकारियों द्वारा बेरीकेट को तोड़ते हुए पुलिस के ऊपर पथराव किया गया, जिस पर पुलिस बल द्वारा भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया गया किंतु उग्र भीड़ पुलिस पर लाठी बरसाते हुए विवादित स्थल तक पहुंचने का प्रयास करने लगी जिसके पश्चात पुलिस बल द्वारा लाठीचार्ज करने पर भीड़ तितर-बितर हुई।पुलिस बल द्वारा आंसू गैस का भी प्रयोग किया गया

पुलिस वालों को आई चोटें : घटना में पुलिस अधीक्षक डा .लाल उम्मेद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, डीएसपी कौशल किशोर वासनिक, निरीक्षक भूषण एक्का, निरीक्षक चूड़ेंद्र सहित बहुत से पुलिसवालों को चोटें आई हैं साथ ही प्रदर्शनकारियों को भी चोटें आई है।

नियंत्रण पर काबू पाने हल्के बल का प्रयोग : प्रदर्शनकारियों से पूजा स्थल पर पहुंचने के समय वहां बूढ़ादेव को मानने वाले लगभग 80 से 100 महिला पुरुष एकत्र होकर सामाजिक रीति से पूजा पाठ कर रहे थे। पुलिस द्वारा यदि प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका जाता तो आदिवासी समाज के दो वर्गों के मध्य संघर्ष की स्थिति निर्मित हो सकती थी।वहाँ उपस्थित महिलाओं बच्चों को भी चोट लगता सम्भावित थी इसके अलावा बड़ा देव का झंडा लगाने की कोशिश करने पर पूजा स्थल पर तोड़फोड़ भी हो सकती थी और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती थी इसलिए स्थिति को नियंत्रित करने के लिए और क़ानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा । मौक़े पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग डॉ आनंद छाबड़ा भी अतिरिक्त बल के साथ पहुँच गये है स्थिति नियंत्रण में है

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202103160100027/
अ-21/2020-21 ग्राम- दंतेवाड़ा

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अरुणा मालवीय पति आशीष मालवीय उम्र 39 वर्ष जाति कलार निवासी दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा नगरीय क्षेत्र दंतेवाड़ा, प.ह.न. 03 में स्थित खाते के परिवर्तित भूमि खसरा नं. 440/2 रकबा 0.4050 हे. में से रकबा 0.0610 हे. को क्रेता सुनील कुमार साहू पिता रमेश साहू उम्र 34 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम चितालंका जिला दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 02/03/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 24/02/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202103160100009
अ-21/2021-22 ग्राम- दंतेवाड़ा

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमलचंद पिता ताराचंद उम्र 64 वर्ष, जाति जैन निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र दंतेवाड़ा प.ह.नं. 03 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 182/3 रकबा 0.5880 हे. में से रकबा 0.099 हे. को क्रेता हेमचंद्र सुराना पिता ताराचंद सुराना उम्र 61 वर्ष, जाति जैन निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 03/03/2023 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यय से दावा या आपत्ति पेश कर कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 15/02/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202103160100023
अ-21/2022-23 ग्राम- कतियाररास

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीतू हरित पिता बी.ए. हरित उम्र 42 वर्ष जाति चमार निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास प.ह.नं. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 263/13 रकबा 0.0400 हे. में से रकबा 0.020 हे. को क्रेता पुष्पराज पटेल पिता बृजभान पटेल उम्र 43 वर्ष जाति कुर्मी निवासी दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2023 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यय से दावा या आपत्ति पेश कर कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 06/02/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक-1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(द्वितीय आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
167/126430	Annual Repair Work For B.T. Renewal Work of Khamhardih to Telibandha Road (km 1/2 to 2/8-100) Length 1.70 km . Under Survey Sub Division, Raipur, Chhattisgarh.	रु. 39.55 लाख
173/126432	B.T. ROAD RENEWAL WORK) OF NH.-53 TO INTERNATIONAL CRICKET STEDIUM PARSADA APPROCH ROAD (RIGHT SIDE) IN K.M. 1/2 TO 2/4(135.00) = 1.35 MTR. UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.)	रु. 37.66 लाख
179/126433	AR WORK FOR BT RENEWAL WORK AT BORIYAKHURD-KANDUL-KATHADIH-DATRENGA ROAD PART-1 (KM 1/2 TO 2/10-100 = 1.90KM) + PART-2 (KM 2/10-100 TO 4/4-30). 1.33KM, KM 4/6-40 TO KM 5/4 140= = 0.78KM TOTAL L-2.11KM) RAIPUR C.G.	रु. 79.22 लाख

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.03.2023 समय सायं 5.30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-99043/6

अधीक्षण अभियंता लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1 रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

साढ़े चार लाख एमटी से धान उपार्जन

धमतरी/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में जिले के 74 सहकारी समितियों के 98 धान उपार्जन केन्द्रों में एक लाख 17 हजार 843 किसानों से चार लाख 53 हजार 29 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया गया है। जिला विपणन अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी 2023 की स्थिति में उपार्जित उक्त धान का जीरो शॉर्टेज के साथ पूरा उठाव कर लिया गया है।

वनों को आग से बचाने किया नवाचार

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर वन मण्डल अंतर्गत प्रत्येक हाट-बाजारों के नुक्कड़-नाटक का मंचन करके लोगों को आग से वनों को बचाने जागृत किया जा रहा है। ग्रीष्मकाल के प्रारंभ होते ही वन क्षेत्रों में वनों में लगने वाले आग या दावानल, कई दषकों के लिए पर्यावरण तथा प्रकृति के संतुलन को खत्म कर देती है। इसी कड़ी में वनों एवं वन्य प्राणियों को आग से बचाने के लिए लोगों को जागृत किया जा रहा है, जिससे जनमानस के बीच वनों में लगने वाली आग के प्रति सजगता एवं पर्यावरण को बचाने का संदेष फैलाया जा सके। ग्राम ठेलकाबोड़ के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला लोकादर्पण के माध्यम से नाटक मंचन के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मंचन के दौरान वन विभाग कांकेर के अधिकारी-'कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में तीन जोड़ों का हुआ विवाह

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला बालविकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गायत्री माता मंदिर मे तीन जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। इस

अवसर पर महिला बालविकास सभापति श्वेता मिश्रा, श्रम कल्याण मंडल सदस्य आलोक मिश्रा, पार्षद रानी वर्मा, पार्षद मेनका ठाकुर ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान महिला बालविकास अधिकारी कश्यप मेडम सुपरवाइजर मेडम वीणा साहू सहित महिला बालविकास कर्मचारी गण, गायत्री परिवार के सदस्य सहित वर वधू के रिश्तेदार उपस्थित थे।

होली में अवैध शराब कोचिया व विक्रेता सक्रिय

अर्जुनी/भाटापारा/नवप्रदेश। होली पर्व में अब गिनती के दिन बाकी है ऐसे में प्रशासन को हुड़दंगियों व असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए उन के विरुद्ध कार्यवाही तेज कर देना चाहिए। खासकर अर्जुनी सहित आसपास के गांवों में भी जिनमे ग्राम टोनाटार मिरगी, तुरमा, खैरताल, खम्हरिया आदि ऐसे कई गांव है जहां जमकर शराब की अवैध बिक्री की जाती है , साथ ही ठेले गुमटियों में भी जमकर शराब बेची व परोसी जाती है ऐसे अवैध तस्करों के खिलाफ कड़ी मुहिम चलाकर धर पकड़ अभियान को तेज कीये जाने की जरुरत है वंही लोगों का कहना है कि गांव में सक्रिय अवैध शराब तस्कर एवं अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध धरपकड़ अभियान तेज की जाने की जरुरत है जिसकी रोकथाम के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन गश्त किया जाना जरुरी हो गया है। ताकी पुलिस को आंख दिखाने वालों की कमर टूट सके।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकासखंड भाटापारा के सदस्यो ने प्रांतीय आहवान पर तहसीलदार भाटापारा को 4 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन दिया है,सौपे गए ज्ञापन में 5% महंगाई भत्ता देने दूसरा केंद्र के समान एचआरए गृह भाड़ा भत्ता तीसरा सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगतियां दूर करने बाबत चौथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करना प्रमुख है। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के रमेश वर्मा ब्लॉक संयोजक प्रकाश तिवारी ब्लॉक प्रभारी, ओम प्रकाश वैष्णव सचिव टीका राम साहू कोषाध्यक्ष अशोक यदु मधुसूदन देवांगन अर्जुन यादव आलोक त्रिवेदी तेजराम वर्मा कोदूराम देवांगन मुकेश देवांगन प्रीति वर्मा प्रकाश तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक कविता साहू सीमा वर्मा सविता शर्मा गंगेश्वरी ध्रुव दुष्यंत वर्मा दुर्गेश शर्मा शरतचंद्र देउलकर अनामिका ठाकुर त्रिवेणी वर्मा जयारानी वर्मा किरण मानसरोवर सरला कुर्रे कनिष्क ध्रुव ,ज्योति बघेल रितु श्रीवास सुष्मिता कौशल कुंती ध्रुव योगेश्वरी साहू दीक्षा उईके मेघा वर्मा मधुमति देवांगन पीयूष रामपुरी रश्मि तिवारी योगेश्वरी जरूर सरस्वती गुर्जर रसिया सुषमा घर अजय तिवारी पुष्पा देवांगन किरण डिसूजा खुशबू शर्मा प्रतिमा अवस्थी लक्ष्मण सिंह गुरु लेख राम साहू निरंजन कुमार आजाद सिंह ठाकुर रंजीत सिंह अंजनी वर्मा महेंद्र चतुर्वेदी कृपाराम , मुकेश अग्रवाल मुन्ना सिंह नेताम इत्यादि कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

महंगाई की आग को सुलगा रही रसोई गैस : नेताम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पेट्रोल-डीजल के दाम में पहले से भड़की आग अब घरेलू एलपीजी सिलेंडरों को भी सुलगा रही है। सिलेंडर गैस के दाम में लगातार हो रही बेतहाशा वृद्धि ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। एक ओर मोदी सरकार महिलाओं को चूल्हे के धुंए से निजात दिलाने के लिए उज्जवला योजना की शुरुआत की थी, लेकिन महंगाई की आग से उज्जवला के चूल्हे सुलग नहीं रहे हैं। पार्षद (कनिष्ठ सभापति) व आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गामेन्द्र नेताम ने कहा कि गरीब परिवारों को फ्री सिलेंडर तो दे दिए गए, लेकिन दाम लगातार बढ़ने से गरीब तबके लोग रिफिलिंग नहीं करवा पा रहे हैं। मोदी सरकार विकास नहीं महंगाई बढ़ा रही हैं।

गैस की कीमतों में वृद्धि, जनता परेशान : जंघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घरेलू गैस व व्यवसायिक गैस की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के मामले में खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने केंद्र सरकार को आड़े हांथों लिया है। गिरवर जंघेल ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार को खुशहाल जनता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वो लगातार मंहगाई में इस तरह से वृद्धि कर रहे हैं, जिससे की आम जनता का जीना मुहाल हो जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की कीमत में 50 रूपये एवं व्यवसायिक गैस की कीमत में 350 रूपये की अप्रत्याशित वृद्धि से महिलायें परेशान हैं और अब फिर से वो चूल्हा जलाने के युग में जाने का सोच चुकी हैं। गिरवर ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार हर चीजों को मंहगा करने में तुली हुई है और अपने कुछ खास पूंजीपतियों की गल्ला भरने का काम वो कर रही है। गिरवर ने कहा कि इस अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि से मध्यमवर्गीय परिवार आहत है और अब इतनी मंहगाई की वजह से देश में अराजकता का माहौल यदि निर्मित होता है तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। गिरवर जंघेल ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता के जरुरत की चीजों को मंहगा कर के उन्हीं पैसे से मोदी सरकार विभिन्न राज्यों में विधायकों की खरीदी-बिक्री का काम कर रहे हैं और भाजपा की सरकार राज्यों में बनाने के लिए पूरे देशभर की आम जनता का गला काटा जा रहा है। गिरवर जंघेल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ अराजकता और तानाशाही को बढ़ावा देना चाहती है और इसीलिए भाजपा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से महाधिवेशन के पूर्व जगह-जगह छापे के माध्यम से महाधिवेशन को बिगाड़ना चाहा, लेकिन महाधिवेशन सफल रहा और इसी की खीझ से अब मोदी सरकार उबर नहीं पा रही है। गिरवर जंघेल ने कहा कि यदि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने जल्द ही मंहगाई पर अंकुश नहीं लगाया तो आम जनता सड़कों पर उतर कर विरोध करने को विवश होगी।

अमृत सरोवर के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें : सीईओ

- **ग्राम पंचायत निवासपुर रोजगार सहायक सूचना के बाद भी बैठक में अनुपस्थित रहने पर 1 दिन के वेतन कटौती के दिए गए निर्देश**

कवर्धा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत जिले में कराए जा रहे अमृत सरोवर की कार्यवार समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा की गई। अमृत सरोवर के कार्य की प्रगति गुणवत्ता यूज़र ग्रुप निर्माण कार्य का सूचना पटल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत निवासपुर ग्राम रोजगार सहायक पूर्व सूचना के बाद भी समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनके 1 दिन का वेतन कटौती करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिया गया। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी अमृत सरोवर का कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। अमृत सरोवर के कार्यों में अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार देते हुए निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान कुछ ग्राम पंचायतों के कार्यों में प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई एवं चेतावनी देते हुए कहा गया कि समय पर कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधितो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

ज्ञात हो कि जल संरक्षण एवं जल संचय करते हुए भू-जल स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से आजादी के 75 वे वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में भारत सरकार द्वारा देश के प्रत्येक जिलों में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाने का लक्ष्य रखा गया है।इसी तरह जिले में 76 अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है जिसमें अभी भी बहुत से कार्यों को पूर्ण किया जाना शेष है। प्रतिदिन कार्यों में पंजीकृत मजदूरों को नियोजित कर कार्य संपादित किया जाना है। अमृत सरोवर का निर्माण हो जाने के उपरांत यूजर ग्रुप बनाते हुए आजीविका के गतिविधियों को प्रारंभ करना है जिससे स्थाई रोजगार का सृजन हो सके। निर्माण कार्य में लगे पंजीकृत मजदूरों को समय-सीमा में मजदूरी भुगतान पूर्ण कराने के निर्देश मैदानी कर्मचारियों को दिया गया।

सड़क निर्माण के लिए मिली चार करोड़ 20 लाख की स्वीकृति

- **विधायक छन्नी चंदू साहू के प्रयासों से खुज्जी विधानसभा के सड़क चिरचारी-जोब इलाके के 35 गांवों को मिली बड़ी सौगात**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधायक छन्नी चंदू साहू के प्रयासों से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सड़क चिरचारी-जोब इलाके के 35 गांवों को बड़ी सौगात मिली है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क चिरचारी-जोब सड़क निर्माण के लिए 420 लाख (चार करोड़ 20 लाख रुपए) की स्वीकृति प्रदान की है। प्रशासकीय स्वीकृति के तहत सड़क चिरचारी-जोब के बीच 12.80 किमी लंबी सड़क का मजबूतीकरण व डामरीकरण किया जाएगा।

नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुज्जी विधानसभा के नगर पंचायत छुरिया में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विधायक छन्नी चंदू साहू द्वारा सड़क चिरचारी-जोब सड़क निर्माण के लिए ध्यानाकर्षण करवाने के बाद इसके लिए घोषणा की थी। इस घोषणा पर अमल करते हुए लोक निर्माण विभाग ने सड़क के मजबूतीकरण व डामरीकरण सहित पुल-पुलिया निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद विधायक साहू लगातार निर्माण की जल्द प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रयासरत रहीं और अब जाकर क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। इस 12.80 किमी सड़क निर्माण का लाभ क्षेत्र के लगभग 30 से 35 हजार लोगों को मिलेगा। इस सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। 20 साल पहले कांग्रेस शासनकाल में बनी इस सड़क का दोबारा कांग्रेस सरकार में नव निर्माण किया जा रहा है।

सड़क चिरचारी-जोब सड़क निर्माण के लिए 420 लाख (चार करोड़ 20 लाख रुपए) की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे व विधायक छन्नी चंदू साहू का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों ने सहित ग्रामवासियों ने आभार प्रकट किया है। इनमें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, जिला पंचायत सदस्य रामछत्री चंद्रवंशी, सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, कमलेश यादव, विजय साहू, रेवाराम लाड़ेकर, सोनू गौसेल, जमीर शेख, जनक ठाकुर, पंचराम सूर्यवंशी, पवन वैष्णव, कल्पना मंडावी, ईश्वरी बाई मिरी, सांवत मंडावी, कुसुम बावने, किसुन चंद्रवंशी, जितेंद्र, प्रीतम साहू, गुलचरण साहू, कृष्णा विश्वकर्मा, शिशुपाल सलामे, शिव सलामे, सोनसाय निषाद, केजऊ कोर्राम, वासु चंद्रवंशी, पंचराम चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के ग्रामवासी शामिल हैं।

प्रभारी सीईओ जिपं ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क के निर्माण कार्यों का किया मुआयना

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के निर्देश पर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने आज शनिवार को विकासखंड बेरला और बेमेतरा के ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) गौठानो और अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बेरला विकासखंड के ग्राम भांड और साँकरा गोठान का निरीक्षण किया। ज्ञात हों की जिले में ग्रामीण औद्योगिक पार्क का शुभारंभ 31 मार्च तक होना है जिसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में स्पूर्ती लाने और समय सीमा में सभी कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माणाधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क के निर्माण कार्य पूरा होने के अवधि एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने औद्योगिक पार्क के नक्शे का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने तथा गुणवत्ता का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि गर्मी के महीने में जल स्तर और तालाबों का पानी सुख जाता हैं इसे देखते हुए पहले से कार्ययोजन बनाकर अमृत सरोवर बन जाना चाहिए और साथ ही 31 मार्च तक सारे 75 अमृत सरोवरों का गहरीकरण करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में जलस्त्रोत में पानी का अभाव ना हों ।

होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

- **असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश**

बेमेतरा/नवप्रदेश। रंगों का त्योहार होली पर्व को जिले में शांतिपूर्वक माहौल में मनाने के संबंध में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के निर्देशानुसार आज शनिवार को न्यू सर्किट हाउस बेमेतरा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने आगामी होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द का पर्व हैं। होली पर्व को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए जाने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा की होली पर्व के दौरान निर्धारित नियमों के अनुसार डीजे का संचालन किया जाए और भड़काऊ एवं अश्लील गाने नहीं बजाने के निर्देश दिए । होली पर्व के अवसर पर शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम प्रभावशील है। वाद्य यंत्र एवं साउण्ड सिस्टम के उपयोग के लिए सक्षम अधिकारी (संबंधित एसडीएम) से अनुमति लेनी होगी। होली पर्व के दौरान सोशल मीडिया में कोई आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट न करे, आपत्तिजनक पोस्ट करना गंभीर मामलों की श्रेणी में आता है एवं दण्डनीय अपराध भी हैं।

वनांचल क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- **'स्वास्थ्य सेवा - तुहर दुवार' लगभग 1500 लोगों को स्वास्थ्य शिविर का मिला लाभ**

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रत्येक व्यक्तियों की स्वास्थ्य बेहतरी के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनमेजय महोबे द्वारा जिले के वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने निर्देश दिए गए है। स्वास्थ्य सेवा तुहर दुवार के तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। डॉ सुजॉय मुखर्जी सीएमएचओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग कबीरधाम के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं में अनेकानेक उपलब्धि हासिल कर रही है। प्रदेश में हॉट बाजार क्लिनीक योजना में अव्वल है वहीं जिला मुख्यालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं से लोगों के मन में सरकारी सेवाओं के प्रति आशा जनक विश्वास जगा है। पंडरिया विकासखंड के वनांचल गांवों में कांदावानी, कान्हाखैरा, बासाटोला, पेड्रीटोला, भल्लीदादर, बसुलालुट,

तेलियापानी लेदरा, तीनगडडा, सेंदूरखार में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लगभग 1500 लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान की गई है। डीपीएम सृष्टि शर्मा ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों में कैंप लगाने से उनके गांव में स्वास्थ्य लाभ मिल जाता है। ईलाज के लिए बाहर जाना नहीं पडता। शिविर स्थल पर पैथालाजिक जॉच एवं दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था से त्वरित ईलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों की चिकित्सा जांच की जा रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वप्नील तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में लगभग 1500 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया है। कोदवा गोडान से 7 लोगों का चिन्हांकन कर मोतियाबिंद आपरेशन के लिए भेजा गया है।

खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा प्रयोगशाला

धमतरी/नवप्रदेश। आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के खाद्य परिसरों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि धमतरी स्थित गंगरेल स्वीट्स अंबेडकर चौक, प्रीति स्वीट्स मार्ट रामबाग, नमकीन निर्माता अरिहंत फुड प्रोडक्ट्स देवरी का निरीक्षण किया गया। इसी तरह कुरूद स्थित बिकानेर स्वीट्स, अनुराधा स्वीट्स, कृष्णा स्वीट्स एवं भोजनालय, राज मिष्ठान भंडार, मगरलोड स्थित गुरूकृपा होटल एवं भोजनालय, लकी होटल मेघा, नगरी स्थित श्री वीरम स्टोर्स, मां बीकानेर स्वीट्स, अम्बिका किराना कुकरेल और सोनी होटल केरेगांव का निरीक्षण किया गया। साथ ही जांच के लिए काजू किंग, काला जामुन, बर्फी, खुला खोवा, सोनपापड़ी, नमकीन, बेसन, गुड़ का नमूना संग्रहण कर परीक्षण/जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थ बनाने वाले जगहों की सफाई रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाई और नमकीन बनाने में करने, किसी भी खाद्य पदार्थ में भांग और अखाद्य रंगों का प्रयोग नहीं करने की समझाईश दी गई।

छः अप्रैल से दादाबाड़ा में पांच दिवसीय मारूति महायज्ञ

- **महायज्ञ की तैयारियों को लेकर संसदीय सचिव की मौजूदगी में रूपरेखा तैयार**

महासमुंद/नवप्रदेश। छह अप्रेल से शहर के दादाबाड़ा में पांच दिवसीय श्री मारूति महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विधायक निवास में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मौजूदगी में विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बाद इसके कार्यक्रम की भव्यता को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

आज शनिवार को श्री मारूति महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले मारूति महायज्ञ की तैयारियों के लिए विधायक निवास में विभिन्न समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बैठक हुई। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर की मौजूदगी में आहूत इस बैठक में सर्वसम्मति से दस मार्च को सुबह दस बजे श्री मारूति महायज्ञ के लिए भूमिपूजन किए जाने का निर्णय लिया गया। छह

अप्रैल को शहर के मुख्य मार्ग में कलश यात्रा के साथ जलयात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समिति बनाकर जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से यज्ञाचार्य पं पंकज महाराज, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, दाउलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, सेवनलाल चंद्राकर, चमनलाल चंद्राकर, बाबूलाल साहू, खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, अजय विश्वास, मनोज मालू, विनय अग्रवाल, अमृत शर्मा, सुरेंद्र मानिकपुरी, गोविंद साहू, प्रमोद तिवारी, राजू यादव, अजय थवाईत, मृत्युंजय बोस, सुभाष शर्मा, शांतिलाल राठी, तारा चंद्राकर, बलराम लालवानी, परसराम सचदेवा, महेंद्र जैन, बबलू हरपाल सहित विभिन्न समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पंडरिया में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरूवार को समर्थन - सेंटर फॉर डेवलपमेंट सेंटर एम राइट परियोजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस कार्यक्रम PVTG बैगा बाहुल्य वनांचल क्षेत्र के डालामौहा, विकास खंड पंडरिया, जिला कबीरधाम में आयोजित किया गया ! जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभा बक्सी केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टाफसेंटर, विशिष्ट अतिथि - सरिता साहू काउंसलर सखी वन स्टाफ सेंटर, एफएलसीआरपी, सक्रिय महिला, सखी कृषक महिला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

वालेंटियर्स एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता पार्वती विश्वकर्मा के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभा बक्सी केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टाफ सेंटर के द्वारा बताया गया कि महिला के अधिकार, महिला को प्रताड़ित कर रहे हैं तो सखी हेल्पलाइन 181 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया ! सरिता साहू काउंसलर के द्वारा घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दिया गया !

कार्यक्रम के अध्यक्षता पार्वती सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा कोविंड 19 वैश्विक महामारी के दौरान तालाबंदी, रहन सहन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया ! कार्यक्रम में उमाशंकर कश्यप जिला समन्वयक के किये गये कार्य के बारे में बताते हुए कहाँ गया कोविंड अनुरूप व्यवहार का पालन के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

पौनी-पसारी योजना का विस्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में ग्रामीणों द्वारा आजीविका के रूप में बकरी पालन पारंपरिक तरीके से वृहद रूप में किया जाता है। परन्तु पशुपालकों को बाजार के अभाव में सीमावर्ती राज्य के पशु बाजार व बिचौलियों के हाथों बकरा-बकरी को बेचना पड़ता है, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता था। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. की पहल एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले के बकरा-बकरी पालन करने वाले ग्रामीण पशुपालकों को उचित बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत रामानुजगंज में बकरा-बकरी बाजार का शुभारंभ किया गया है।

इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए पौनी-पसारी योजना के तहत रामानुजगंज में बकरा-बकरी बाजार का शुभारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से बकरा-बकरी पालने वाले ग्रामीण पशुपालकों को समुचित बाजार के साथ उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील ने कहा कि बकरा-बकरी बाजार के शुरूआत से ग्रामीण पशुपालकों को पंजीयन के माध्यम से परिवहन में सुविधा होगी।

भोरमदेव में अर्पित फूल को सुखाकर महिला समूह ने बनाया हर्बल गुलाल

- **सुगंधित हर्बल गुलाल के कण-कण में महक रहा फूलों की महिमा**

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के रूप में कबीरधाम जिले के भोरमदेव मंदिर पूरे राज्य में प्रसिद्ध है। अब इस मंदिर की प्रसिद्धि को और आगे बढ़ाने में भोरमदेव बाबा में चढ़ने वाले पुष्प और फूल माला भी अपनी अलग भूमिका निभा रही है। कबीरधाम जिले में सक्रिय रूप से काम करने वाली जय गंगा मैया महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भोरमदेव मंदिर में अर्पित होने वाले रंग-बिरंगे फूलों को सुखा कर आपसी भाई-चारे और पवित्र होली त्यौहार के लिए रंग-बिरंगे भोरमदेव हर्बल गुलाल बनाकर एक मिशाल पेश की है। समूह की महिलाओं ने इस बार 200 किलो हर्बल गुलाल तैयार कर होली के लिए बाजार में उपलब्ध करा दिया है। भोरमदेव मंदिर में अर्पित फूलों से बने गुलाल के कण-कण में फूलों की महिमा से गुलाल अपनी खुशबू बिरेख रहा है। समूह की महिलाओं ने भोरमदेव गुलाल आमजनों को आसानी से मिल सके इसके लिए सीमार्ट सहित कलेक्टोरेट, जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालयों और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में अपना स्टॉल लगा लिया है।

भोरमदेव में शिव जी को अर्पित होने वाले फूलों को सुखाकर हर्बल भोरमदेव गुलाल बनाने वाली महिला समूह की अध्यक्ष मोंगरा श्रीवास ने बताया कि यह समूह पिछले चार सालों में भोरमदेव में अर्पित होने वाली फूलों को एकत्र कर हर्बल गुलाल बनाने का काम कर रही है। समूह की पूर्णिमा,सीमा और कमला ने बताया कि इस अलग-अलग रंगों के लिए अलग-अलग फूल और भाजी का उपयोग में लाया जाता है। लेकिन इस बार गुलाल बनाने में सबसे ज्यादा भोरमदेव मंदिर की फूलों को उपयोग में लाया गया है। समूह की कमला और फुलबाई ने बताया कि पीला गुलाल बनाने के लिए गेंदा फूल का उपयोग किया गया है। इसी प्रकार गुलाबी गुलाल के लिए गुलाब फूल और चकुंदर का रंस का उपयोग किया गया है। हरा गुलाल के लिए पालक भाजी और अन्य फूलों के पत्तें को सुखाकर बनाया गया है। समूह द्वारा तैयार की गई सभी गुलाल विशुद्ध हर्बल गुलाल है। समूह की महिलाओं ने बताया कि बाजार में मांग को ध्यान में रखते हुए 30 रूपए, 50 रूपए और 80 रूपए का पैकेट तैयार किया गया है। समूह ने अब तक 50 हजार से अधिक का गुलाल बाजार में उपलब्ध करा दिया है। मांग के आधार पर बजारों में हर्बल भोरमदेव गुलाल उपलब्ध कराई जा रही है। समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह सभी त्यौहारों में मार्केट के मांग के आधार पर अलग-अलग समाग्री बनाकर आय का नया जरिया बनाया है।

रसायनिक तत्वों से बने रंग-गुलाल की खरीदी करने से पहले जांच पड़ताल अवश्यक करें नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि होली त्यौहार का नाम जुबां पे आते ही सबे के मन और उनके आखों के सामने रंग बिरंगे रंगों से सजी दुकाने नजर आती है। अक्सर हम सब जल्दबाजी में बाजारों में सजी रंग-गुलाल घरों में खेलने के लिए खरीद कर ले आते है, पर हमें खुले बाजारों में बिक रहे रंग और गुलाल की सही जांच पड़ताल करना चाहिए, ताकि होली की रंग खेलते हमारे चेहरे और कोमल त्वजा को रसायनिक तत्वों से बने गुलाल से बचा सके।


छत्तीसगढ़
मिलेट
मिशन
सेहत के मोती (कोदो, कुटकी, रागी)
"
छत्तीसगढ़ मिलेट्स का हब है
देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में
कोदो, कुटकी और रागी का
समर्थन मूल्य घोषित किया गया
इससे हमारे किसानों का उत्साह बढ़ा
"
मिलेट्स फसलों की
प्रदेश में जोर-शोर से की
जा रही खरीदी
35 हजार क्विंटल
कोदो, कुटकी और रागी की
अब तक खरीदी
10.70 करोड़ रुपये
किसानों को किया जा चुका है
भुगतान
श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
संवाद - 33385
मिलेट्स के गुण, पहचान रहा पूरा संसार
कोदो, कुटकी और रागी से भरी थाली है उत्तम आहार
सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसढ़ सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in